केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
17 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com


महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**
*इंसान को जिंदगी भर अपनी दौलत पर घमंड रहता है लेकिन वह खुद आखिरी सफर के लिए दूसरों का मोहताज रहता है*

वर्ष : 17 अंक : 12 | उज्जैन, सोमवार 22 जून 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

# विश्व को भारत का अमूल्य उपहार है योगः राष्ट्रपति मुर्मु

**विश्व कल्याण का आधार है योग - मुख्यमंत्री डॉ. यादव**



**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि हम भारत की उस महान योग परंपरा का उत्सव मना रहे हैं, जिसने मानवता के लिये स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग प्रदान किया है। योग विश्व को हमारी सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल उपहार है। यह हमारे ऋषियों-मुनियों की हजारों वर्षों की साधना का परिणाम है। आज भारतभूमि से स्वास्थ्य, संतुलन, शांति और आत्मकल्याण का संदेश विश्व में प्रसारित किया जा रहा है। ÷योग स्वस्थ आयु के लिए÷ थीम पर राष्ट्रीय कार्यक्रम कोलकाता में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रदेश में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर के गैरीसन ग्राउंड में राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी के कोलकाता से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। कार्यक्रम की शुरूआत व अंत में राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान किया गया।

योगाभ्यास में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, श्री सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, श्री नीरज सिंह, श्री संतोष बरकड़े, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मध्यप्रदेश तीर्थ क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष श्री विनोद गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, श्री रत्नेश सोनकर, श्री राजकुमार पटेल, श्री अखिलेश जैन, श्रीमती अश्विनी परांजपे, संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह, कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री संपत उपाध्याय, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा लगभग 5 हजार योग साधकों ने सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की।

योग, आंतरिक शांति और सामूहिक कल्याण के लिये करता है प्रेरित- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को जीवन की सफलता का आधार माना गया है। योग उसी संतुलन को स्थापित करने का मार्ग है। 'योग' शब्द का अर्थ है जोड़ना – व्यक्ति को स्वयं से, समाज को प्रकृति से और सम्पूर्ण मानवता को व्यापक विश्व चेतना से जोड़ना। योग एक सशक्त माध्यम है, जो हमें आंतरिक शांति, संतुलन और सामूहिक कल्याण की दिशा में आगे बढ़ाता है। आज जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब योग मानवता को शांति, संतुलन, समरसता और सामूहिक कल्याण का मार्ग दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

योग, जीवनशैली का बनता जा रहा है अहम हिस्सा- राष्ट्पति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2014 में भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट महासभा ने प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इस पहल से योग को विश्व कल्याण के एक सशक्त माध्यम के रूप में नई पहचान और व्यापक स्वीकार्यता मिली है। आज दुनिया के अनेक देशों में करोड़ों लोग योग को अपने दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बना रहे हैं। योग अब जीवन शैली का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। विदेशों में भी योग के प्रति लोगों का आकर्षण निरंतर बढ़ रहा है, और यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का सशक्त उदाहरण है।

योग, बढ़ती आयु में स्वयं को स्वस्थ रखने में सहायक- राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम ÷योग फॉर हेल्दी एजिंग÷ है। यह थीम समाज के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य, सक्रियता, आत्मनिर्भरता और गरिमापूर्ण जीवन में योग की उपयोगिता को रेखांकित करती है। योग बढ़ती आयु में भी व्यक्ति को स्वस्थ, सक्रिय और आत्मनिर्भर बनाए रखने में बहुत सहायक है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर छिड़ी बहस, क्या विकास के नाम पर पर्यावरण के साथ हो रहा खिलवाड़?



**श्री विजयपुरम/ जीएनएस।** भारत की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को लेकर विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच नई बहस छिड़ गई है। केंद्र सरकार इसे व्यापार, समुद्री जुड़ाव और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण मान रही है, जबकि पर्यावरणविदों का कहना है कि इससे देश के सबसे संवेदनशील द्वीपीय पारिस्थितिक तंत्रों में से एक को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ग्रेट निकोबार द्वीप पर प्रस्तावित इस मेगा परियोजना में चार प्रमुख पहलू शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य ग्रेट निकोबार को समुद्री व्यापार, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के बेहद करीब स्थित है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। परियोजना को 2025 से 2047 के बीच चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाना है। इसके तहत लगभग 166 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र विकसित होगा, जिसमें से करीब 131 वर्ग किलोमीटर वन भूमि के उपयोग की अनुमति दी गई है। अनुमान है कि परियोजना के विभिन्न चरणों में लगभग 7.11 लाख पेड़ों की कटाई हो सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है और यहां गैलाथिया राष्ट्रीय उद्यान तथा कैम्पबेल बे राष्ट्रीय उद्यान स्थित हैं। यह क्षेत्र घने उष्णकटिबंधीय वनों, मैंग्रोव, आर्द्रभूमियों, प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) और समुद्री घास (सीग्रास) से समृद्ध है। यहां कई ऐसी वन्यजीव प्रजातियां पाई जाती हैं जो दुनिया में कहीं और नहीं मिलतीं। गैलाथिया खाड़ी को विशेष रूप से लेदरबैक समुद्री कछुओं के प्रमुख प्रजनन स्थलों में गिना जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री कछुआ है और वैश्विक स्तर पर संवेदनशील प्रजाति माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि समस्या केवल पेड़ों की संख्या तक सीमित नहीं है। बंदरगाह, सड़कें, बस्तियां और अन्य ढांचागत निर्माण बड़े वन क्षेत्रों को खंडित कर सकते हैं। इससे वन्यजीवों की आवाजाही, प्रजनन क्षेत्र और प्राकृतिक आवास प्रभावित हो सकते हैं। द्वीपों पर रहने वाली स्थानीय प्रजातियों के लिए यह खतरा और अधिक गंभीर माना जाता है क्योंकि उनके पास आवास के लिए विकल्प बहुत सीमित होते हैं।

### गोवा अवैध खनन मामले में ईडी का एक्शन, सलगांवकर ग्रुप की एक हजार करोड़ की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** ईडी ने गोवा के कथित अवैध लौह अयस्क खनन मामले में मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत 1,023.85 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इसमें सिंगापुर स्थित संपत्ति भी शामिल है। यह कार्रवाई सलगांवकर समूह और उसके सहयोगियों (एवीएस समूह) के खिलाफ की गई है। जब्त संपत्तियों में भारत में 459.10 करोड़ रुपये की 99 अचल संपत्तियां, सिंगापुर में 471.32 करोड़ रुपये की 31 संपत्तियां और भारतीय कंपनियों के 93.42 करोड़ रुपये के शेयर शामिल हैं। यह जांच गोवा पुलिस की प्राथमिकी पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, गोवा में 22 नवंबर 2007 के बाद किया गया सारा खनन अवैध था। ईडी का आरोप है कि एवीएस समूह ने साल 2007 से 2012 के बीच 10 खनन पट्टों का संचालन किया, जिससे 2,492.95 करोड़ रुपये का अपराध धन (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) जुटाया गया। लौह अयस्क को कम कीमत पर ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स की मुखौटा कंपनियों को निर्यात किया गया, जिसने इसे चीन को बेचकर 2,744.89 करोड़ रुपये का अतिरिक्त विदेशी लाभ कमाया। कुल अपराध धन 5,237.84 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसे विदेशी संपत्तियां खरीदने और भारत में शेयर पूंजी के रूप में वापस लाने के लिए इस्तेमाल किया गया।

# मानसून, तुम कब आओगे? आधे देश में सूखे जैसे हालात



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मानसून की रफ्तार थमने से सूखे जैसे हालात की आशंका बढ़ने लगी है। जून के तीसरे सप्ताह तक सामान्य तौर पर मानसून देश के बड़े हिस्से को कवर कर लेता था, लेकिन इस बार पिछले लगभग 12 दिनों से इसकी प्रगति ठहरी हुई है।

इसका सीधा असर बारिश के आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। एक जून से 19 जून के बीच देशभर में सामान्य से 41 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। कम बारिश के कारण खरीफ फसलों की बुआई, मिट्टी की नमी, पेयजल उपलब्धता और जलाशयों के जलस्तर पर दबाव बढ़ने लगा है। मानसून चार जून को तीन दिन की देरी से केरल पहुंचा था। शुरुआती दिनों में इसकी चाल तेज रही और आठ जून तक यह महाराष्ट्र, तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद अचानक इसकी गति धीमी पड़ गई।

पश्चिमी भारत में 8 जून और पूर्वी भारत में 12 जून के बाद से मानसून आगे नहीं बढ़ पाया। महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बड़े हिस्से अब भी अच्छी बारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

स्काईमेट का मानना है कि अलनीनो के प्रभाव के शुरुआती संकेत मानसून पर दिखाई देने लगे हैं, लेकिन 23 जून से 24 जून तक बंगाल की खाड़ी में स्थितियां अनुकूल हो सकती हैं, जिसके असर से महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार एवं छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून आगे बढ़ सकता है। दिल्ली में मानसून दो जुलाई तक पहुंच सकता है।

लू का प्रकोप जारी- इस बीच कई राज्यों में लू का प्रकोप जारी रह सकता है। कोंकण एवं गोवा, मध्य महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना, विदर्भ और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक गर्म हवाएं चलने की आशंका है।

मौसम विभाग (आइएमडी) का मानना है कि खरीफ सीजन के लिए जून का अंतिम सप्ताह निर्णायक हो सकता है। यदि मानसून सक्रिय होता है तो स्थिति संभल सकती है।

भारत में सूखा पड़ने की आशंका- सुस्त चाल जारी रही तो कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जल उपलब्धता पर व्यापक असर पड़ सकता है। फिलहाल देश के लगभग आधे हिस्से में वर्षा की भारी कमी है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार देश का लगभग 48 प्रतिशत क्षेत्र कम वर्षा और 24 प्रतिशत क्षेत्र अत्यधिक कम वर्षा की श्रेणी में पहुंच चुका है। मध्य भारत में सामान्य से 64 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।

# कुंभ मेले से चर्चा में आई मोनालिसा को मिलेगी सुरक्षा, केरल हाई कोर्ट ने पुलिस को दिए निर्देश



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केरल हाई कोर्ट ने प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान चर्चा में आई इंदौर निवासी युवती मोनालिसा को पुलिस सुरक्षा देने का आदेश दिया है। युवती ने अपनी जान को खतरा बताते हुए राज्य सरकार और एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस थाने के एसएचओ से सुरक्षा दिलाने के लिए याचिका दायर की थी। अदालत ने युवती के वकील और सरकारी अभियोजक की दलीलें सुनने के बाद कहा कि याचिकाकर्ता की सुरक्षा की मांग प्रथमदृष्ट्या उचित प्रतीत होती है। कोर्ट ने एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन के एसएचओ को युवती को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। हाई कोर्ट की एक अन्य पीठ ने इस महीने की शुरुआत में युवती के पति मोहम्मद फरमान को एक माह की ट्रांजिट जमानत दी थी। अदालत ने तब कहा था कि युवती प्रथमदृष्ट्या बालिग प्रतीत होती है। फरमान को मध्य प्रदेश की अदालत में उसके खिलाफ दर्ज अपहरण मामले में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करने की छूट दी गई थी।

# इन तरीकों से होने वाली कमाई पर नहीं लगता टैक्स




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। पुरानी कर प्रणाली में कई करदाता आइटीआर दाखिल करते समय तमाम प्रकार की छूट पर ध्यान देते हैं। लेकिन वे कमाई के ऐसे तरीकों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिन पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगता है।

आज हम आपको छ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनसे होने वाली कमाई पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं लगता है। पढ़िए मनोज कुमार की रिपोर्ट...

खास रिश्तेदारों से मिले तोहफे- आयकर कानून के अनुसार, खास रिश्तेदारों से मिलने वाले किसी भी कीमत के तोहफों पर किसी भी प्रकार का कोई टैक्स नहीं लगता है।

इन खास रिश्तेदारों में जीवनसाथी, माता-पिता या ससुराल पक्ष शामिल हैं। यही नियम गैर-रिश्तेदारों (नियोक्ता या कंपनी को छोड़कर) से शादी जैसे खास मौकों पर मिले तोहफों या नकदी पर भी लागू होता है।

हालांकि, जो व्यक्ति आयकर कानून के तहत निर्दिष्ट रिश्तेदार की श्रेणी में नहीं है तो उससे मिलने वाली नकदी, चल या अचल संपत्ति तोहफे के रूप में मिलती है तो टैक्स देना पड़ेगा।

हालांकि, उसकी कीमत 50 हजार रुपये से ज्यादा होनी चाहिए। कृषि से होने वाली आय आयकर कानून की धारा 10(1) के तहत भारत में मौजूद कृषि भूमि से होने वाली आय पर कोई टैक्स नहीं है। इसमें खेती-बाड़ी के कामों, कृषि उपज की बिक्री, कृषि भूमि से मिलने वाले किराये और खेती से जुड़े कामों से होने वाली आय शामिल है।

# भारतीय ध्वज वाले 3 तेल टैंकर ने पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य, 94 चालक दल सदस्यों के साथ घर वापसी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** भारत के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय ध्वज वाले तीन कच्चे तेल के टैंकर- देश वैभव, देश विभोर और सनमार हेराल्ड शनिवार को सफलतापूर्वक होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत की ओर रवाना हो चुके हैं।

इन तीनों जहाजों में 8.6 लाख मीट्रिक टन से अधिक कच्चा तेल लदा है और इन पर 94 भारतीय चालक दल (क्रू) सदस्य सवार हैं।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि तीनों टैंकर सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं और भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं।

सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारत के समुद्री और ऊर्जा हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

सोनोवाल ने बताया कि मंत्रालय सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर भारतीय नाविकों और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

अगले सप्ताह भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचेंगे टैंकर - समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, देश वैभव 24 जून को गुजरात के वाडिनार बंदरगाह पहुंचेगा, जबकि देश विभोर उसी दिन सिक्का बंदरगाह पर पहुंचेगा। वहीं, सनमार हेराल्ड के 1 जुलाई को ओडिशा के पारादीप बंदरगाह पहुंचने की संभावना है।

# दो दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे चीन के विदेश मंत्री, डोभाल-वांग यी के बीच सीमा विवाद पर होगी बात



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वे ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की 16वीं बैठक में भाग लेंगे, लेकिन इस यात्रा का सबसे अहम पहलू भारत के एनएसए अजीत डोभाल के साथ होने वाली द्विपक्षीय वार्ता मानी जा रही है। इस बैठक में भारत-चीन सीमा विवाद और सीमा पर शांति-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर गंभीर चर्चा होने की संभावना है।

वांग यी और अजीत डोभाल दोनों ही भारत-चीन सीमा विवाद सुलझाने के लिए की जाने वाली वार्ता में विशेष प्रतिनिधि (एसआर) हैं। इनकी अगुवाई में अब तक कई दौर की बातचीत हो चुकी है। हालांकि सीमा विवाद के प्रश्न पर दोनों देशों के बीच अभी कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इनके बीच सबसे हालिया बैठक (24वें दौर की) अगस्त 2025 में नई दिल्ली में हुई थी। विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता की शुरुआत करने का फैसला जून, 2003 में पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की चीन यात्रा के दौरान हुआ था। तब कहा गया था कि सीमा विवाद का राजनीतिक समाधान विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता से निकाला जाएगा। लेकिन सीमा का अंतिम समाधान या वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निर्धारण पर भी कोई खास प्रगत नहीं हुई है। उल्टे एसआर स्तर की वार्ता के बावजूद दोनों देशों के बीच रह-रह कर सीमा पर सैन्य तनाव पैदा हो जाते हैं। भारत का मानना है कि चीन स्थाई समाधान के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं है और वह एलएसी को बदलने की लगातार कोशिश करता है। दूसरी तरफ, चीन यह कहता है कि हमें दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को पुराने नजरिए से नहीं देखना चाहिए। चीन पैकेज सोल्यूशंस की भी बात करता रहा है लेकिन कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई है। अगस्त, 2025 की वार्ता में भी दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमति जताई थी।

# कर्ज से बचने को व्यवसायी ने रची खुद के किडनैपिंग की झूठी कहानी, पुलिस के खुलासे से फटी रह गई आंखें



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गुजरात के सूरत में एक व्यवसायी ने आर्थिक संकट से बचने के लिए अपना अपहरण का नाटक रचकर पूरे परिवार को ठगने की कोशिश की। पुलिस जांच में खुलासा होने के बाद आरोपी को खुद ही नकली अपहरण का अभिनय करने के लिए कहा।

मामला 12 जून का है, जब सूरत के उतरां (उत्राण) इलाके के निवासी 36 वर्षीय जिग्नेशभाई लालजीभाई तलविया की पत्नी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के कुछ ही घंटों बाद परिवार को जिग्नेशभाई के मोबाइल नंबर से धमकी भरे संदेश मिलने शुरू हो गए। संदेश में दावा किया गया कि उनका अपहरण कर लिया गया है और 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई। परिवार को चेतावनी दी गई कि अगर पुलिस को सूचना दी गई तो उन्हें मार दिया जाएगा और केवल शव ही वापस मिलेगा। परिवार को एक वीडियो भी भेजा गया, जिसमें जिग्नेशभाई को खिड़की की ग्रिल से कपड़ों के टुकड़ों से बंधा हुआ दिखाया गया था। वीडियो देखकर परिवार में दहशत फैल गई।

पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की। तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से टीम ने छानबीन की। शुरुआती जांच में व्यक्ति के उज्जैन (मध्य प्रदेश) होने के संकेत मिले, लेकिन वीडियो फॉरेंसिक विश्लेषण और स्थानीय सूत्रों से पता चला कि वीडियो गोधरा में बनाया गया था। पुलिस की टीम गोधरा पहुंची और विभिन्न होटलों की तलाशी के बाद जिग्नेशभाई को एक होटल से सुरक्षित बरामद कर लिया।

पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा- पूछताछ के दौरान जिग्नेशभाई ने कबूल किया कि उसका अपहरण नहीं हुआ था। उसने बताया कि शेयर बाजार और ऑप्शन ट्रेडिंग में उसने 50 से 60 लाख रुपये गंवा दिए थे और वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था। परिवार से पैसे निकालने के लिए उसने अकेले ही पूरा अपहरण नाटक रचा। खुद ही रैंसम मैसेज और वीडियो बनाकर परिवार को भेजे।

# भाजपा ने 35 मंडलों में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, अनुसूचित जाति मोर्चा की संभागीय बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा उनके 'फिट इंडिया' संकल्प के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर नगर के सभी 35 मंडलों में योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने गोपुर चौराहे पर योग किया, जबकि नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के मंगल मूर्ति नगर उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला एवं पूर्व विधायक संजय शुक्ला के साथ एयरपोर्ट परिसर में योगाभ्यास किया। विधायक महेंद्र हार्डिया ने शिवाजी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ योग किया।

नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। उनके प्रयासों से 21 जून को विश्व स्तर पर योग दिवस के रूप में मान्यता मिली और योग भारतीय परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन गया। उन्होंने कहा कि भाजपा भी फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष मंडल स्तर पर योग दिवस मनाती है।

मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर के सभी 35 मंडलों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं और नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

इधर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की इंदौर-निमाड़ संभागीय बैठक भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, सांसद शंकर लालवानी, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए लालसिंह आर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करे। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, अनुसूचित जाति बस्तियों में प्रवास करने, नए कार्यकर्ता तैयार करने तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन विस्तार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग कार्यक्रम के जरिए कार्यकर्ताओं की क्षमता और नेतृत्व कौशल का विकास किया जाएगा।

रणवीर सिंह रावत ने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए संगठन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर परिश्रम करना चाहिए।

मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र एवं प्रदेश सरकारों ने जनकल्याण, विकास और सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संविधान और आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बस्तियों में जाकर लोगों के बीच संवाद स्थापित करने और तथ्यों को सामने रखने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान लालसिंह आर्य ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रेसीडेंसी क्षेत्र में पौधारोपण किया तथा अम्बेडकर नगर में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर में हुआ भव्य सामूहिक योग



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्यविभाग श्री दुर्गा दास उईके ने कहा कि योग केवल व्यायाम तक सीमित नहीं होकर हमें आध्यात्मिक और अनुशासित रूप से समृद्ध बनाता है। योग का उल्लेख वेदों और उपनिषदों में भी है। आत्मा से परमात्मा को जोड़ने का माध्यम योग है।

महर्षि पतंजलि ने योग को वैश्विक रूप प्रदान किया है। योग मन को नियंत्रण करने का माध्यम है। योग जीवन जीने की सरल पद्धति है और यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से संतुलित रूप प्रदान करता है। श्री उईके आज 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर के बॉस्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम स्वस्थ्य आयु के लिए योग में अपना मुख्य संबोधन दे रहे थे। इस मौके पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री शंकर लालवानी, संभागायुक्त डॉ सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, निगमायुक्तॉ श्री क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री शांता स्वामी, योगाचार्य सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोलकत्ता में आयोजित योग कार्यक्रम में संबोधन का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। जिसे उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना।

## इंदौर जिले में नीट की परीक्षा सुव्यवस्थित रूप से संपन्न

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने रविवार को नीट (हृश्वश्वञ्ज) परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने एसजीएसआईटीएस तथा होलकर साइंस कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा कर परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार भी उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से परीक्षा आयोजित की जा रही है। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था तथा उचित मूल्य पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के विशेष इंतजाम किए गए हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें। विद्यार्थियों के लिए बसों की व्यवस्था भी विशेष रूप से की गई थी।

# काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट का विरोध कांग्रेस की ऐतिहासिक भूल : पवन पाटीदार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कामकाजी बैठक रविवार को भाजपा कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौर, नगर अध्यक्ष रघु यादव सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व कार्यकर्ताओं ने पवन पाटीदार का भव्य स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि भाजपा विचार आधारित संगठन है और इसके कार्यकर्ताओं ने कभी भी अपने मूल विचारों से समझौता नहीं किया। इसी कारण भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनी है। उन्होंने कहा कि काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को अस्वीकार कर कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों के हितों के साथ अन्याय किया। आयोग ने ओबीसी आरक्षण की सिफारिश की थी, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उसका विरोध किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बस्तियों में जाकर लोगों को इस ऐतिहासिक तथ्य से अवगत कराएं।

पाटीदार ने कहा कि भाजपा ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़े वर्गों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे मतदान केंद्र स्तर तक पहुंचकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ें, जिससे अंत्योदय का संकल्प साकार हो सके।

संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने कहा कि भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने में संगठन के महापुरुषों के संघर्ष और बलिदान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज पार्टी 14 करोड़ से अधिक कार्यकर्ताओं के परिवार के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जब कार्यकर्ता सरकारों की नीतियों, उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएंगे, तब उन्हें गौरव का अनुभव होगा।

बैठक को सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया और मधु वर्मा ने भी संबोधित किया। नेताओं ने संगठन की मजबूती, सरकार की उपलब्धियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

बैठक से पूर्व पवन पाटीदार का विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। सुरेंद्र पाल के नेतृत्व में जेसीबी से विशाल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर, पुष्पमालाओं और बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों के साथ उनकी अगवानी की गई।

इंदौर प्रवास के दौरान पाटीदार ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से संवाद किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने आईपीएस एकेडमी में आयोजित सब-जूनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया, माली समाज के पदाधिकारियों और समाजजनों से चर्चा की तथा बड़ा गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा नृसिंह वाटिका में हितग्राही सम्मेलन को संबोधित किया, राजमोहल्ला चौराहे पर चाय पर चर्चा में शामिल हुए, भंवरकुआ स्थित टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और साइकिल रैली में भाग लिया। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही विष्णुपुरी स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेककर अरदास भी की तथा युवाओं से संवाद किया।

बैठक में सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, कैलाश पीपले, वरुण पाल, रितेश शर्मा, जीतू कुशवाह, मनोज पाल, सुरेंद्र पाल, सुरेंद्र यादव, रणजीत चौहान, अनिल मंडवरा, मोहित वर्मा, राजेश चौहान, धीरज पाटीदार, निलेश कौशल, संतोष पाटिल, आशीष सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बुडानिया से सुपर कॉरिडोर तक सड़क निर्माण की मांग, मुख्यमंत्री ने दिया सकारात्मक आश्वासन



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड परियोजना के अंतर्गत बुडानिया से सुपर कॉरिडोर को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण की मांग को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर विषय से अवगत कराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक सहमति जताते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

श्रवण सिंह चावड़ा ने मुख्यमंत्री को बताया कि बुडानिया से सुपर कॉरिडोर तक लगभग दो किलोमीटर लंबा मार्ग वर्तमान में अत्यंत जर्जर अवस्था में है। इस मार्ग का उपयोग प्रतिदिन सांवेर और देपालपुर क्षेत्र के सैकड़ों किसान लक्ष्मीबाई कृषि उपज मंडी तक अपनी उपज पहुंचाने के लिए करते हैं। खराब सड़क के कारण किसानों और वाहन चालकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा वाहनों में टूट-फूट की घटनाएं भी आम हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि यदि इस सड़क का निर्माण कर इसे सुपर कॉरिडोर से जोड़ दिया जाता है, तो किसानों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और कृषि उपज के परिवहन में लगने वाला समय तथा लागत भी कम होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करने और सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। इस पहल से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है तथा उन्हें उम्मीद है कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का शीघ्र समाधान होगा।

## एशिया बुक का रिकॉर्ड में दर्ज हुआ इंदौर का भ्रामरी योग प्राणायाम

### 10 हजार से अधिक योग साधकों ने किया सामूहिक भ्रामरी प्राणायाम



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा संचालित योगमित्र अभियान के अंतर्गत भारत सरकार में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री जनजाति कार्य विभाग भारत सरकार श्री दुर्गादास उइके जी, माननीय नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सांसद श्री शंकर लालवानी एवं विधायक श्री मधु वर्मा की उपस्थिति में स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन गोपुर चौराहे पर हुआ । इस अवसर पर 10 हजार से अधिक योग साधक सामूहिक रूप से 3 मिनट 19 सेकंड तक भ्रामरी प्राणायाम कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया गया, जिस पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा मंच पर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव को सर्टिफिकेट एवं मैडल प्रदान किया गया। इस अवसर पर माननीय अतिथि महोदय द्वारा योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले श्री प्रेम गोयल, सपना पाल, निशा चावला, राज रजोले, रामगोपाल व्यास एवं अन्य वरिष्ठ योग गुरुओं, योग खिलाड़ियों एवं योग प्रचारकों को योग अलंकरण मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट का सामूहिक योगाभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा डीआरपी लाइन परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के महत्व को आत्मसात किया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) श्री मयंक अवस्थी, नगरीय इंदौर के सभी पुलिस उपायुक्तों सहित बड़ी संख्या में राजपत्रित अधिकारी, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोलकाता में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का माध्यम है। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा जैसे चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण कार्यक्षेत्र में योग मानसिक संतुलन, शारीरिक सुदृढ़ता तथा कार्यक्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ पुलिस बल ही सुरक्षित और सशक्त समाज के निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

कार्यक्रम के माध्यम से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया। साथ ही आम नागरिकों से भी नियमित योग अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया गया।

## प्यास बुझाने वाले जलदूतों का बग्गी पर निकला जुलूस



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भीषण गर्मी में जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करने वाले टैंकर चालकों के प्रति कृतज्ञता जताने और क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देने के लिए रविवार को विधानसभा-1 के वार्ड क्रमांक 5 में एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वीर शिवाजी पानी की टंकी, राजनगर (बड़ा कुआं) में आयोजित इस समारोह में न केवल जलदूतों का अभूतपूर्व नागरिक अभिनंदन किया गया, बल्कि क्षेत्र को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात भी मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रविवार, 21 जून 2026 को उत्साह, उमंग एवं जनभागीदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम रतलाम स्थित रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के लाइव प्रसारण से हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रव्यापी कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन रतलाम मंडल की अध्यक्षा डॉ. अर्चना शर्मा एवं संगठन की अन्य सदस्याएं, सभी शाखाधिकारी, अन्य अधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पुलिस की तत्परता से समय पर परीक्षा केंद्र पहुंची NEET परीक्षार्थी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** NEET परीक्षा के दौरान एक छात्रा को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाने में इंदौर पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता देखने को मिली। शहर में परीक्षा के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे।

इसी क्रम में सरवटे बस स्टैंड स्थित यातायात सहायता केंद्र का निरीक्षण कर रहे यातायात के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री नरेश बाबू अन्नोटिया के पास एक छात्रा और उसके पिता पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे परीक्षा केंद्र पहुंचने में देर हो रही है और समय पर पहुंचना मुश्किल हो सकता है।

स्थिति की गंभीरता को समझते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अन्नोटिया ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया और छात्रा तथा उसके पिता को अपने शासकीय वाहन में बैठाकर कृषि महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। पुलिस की इस त्वरित मदद से छात्रा निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पहुंच सकी और बिना किसी परेशानी के परीक्षा में शामिल हुई। छात्रा और उसके पिता ने इंदौर पुलिस तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री नरेश बाबू अन्नोटिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली सहायता ने उनकी बड़ी चिंता दूर कर दी।

इंदौर पुलिस की यह पहल न केवल कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण है, बल्कि नागरिकों के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक पुलिस व्यवस्था का भी परिचायक है।

# ब्लॉक स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता में स्व-सहायता समूहों ने दिखाया हुनर, पौष्टिक आहार और नवाचार पर दिया गया जोर

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन सांदीपनि विद्यालय जावद में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय खाद्य सामग्री आधारित नवाचारों को बढ़ावा देना था।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत जावद अध्यक्ष गोपाल चारण, भाजपा उपाध्यक्ष श्यामसुंदर काबरा, मंडल अध्यक्ष सचिन गोखरू, एसडीएम प्रीति सिंघवी, तहसीलदार, बीआरसी घनश्याम मेघवाल तथा मध्यान्ह भोजन प्रभारी अशोक सखवाड़िया उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत सभी संकुलों के जनशिक्षकों एवं विभिन्न विद्यालयों से जुड़े स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्थानीय अनाज, दालों, हरी सब्जियों एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों से तैयार किए गए विविध व्यंजनों का आकर्षक प्रदर्शन किया। निर्णायकों ने व्यंजनों की गुणवत्ता, पौष्टिकता, स्वच्छता, स्वाद एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर मूल्यांकन किया।

प्रतियोगिता में विवेकानंद समूह, सांदीपनि विद्यालय जावद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जय माता दी समूह, एकीकृत शाला माध्यमिक विद्यालय बराड़ा को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं सरस्वती समूह, नगर परिषद अठाना सहित दो समूहों को तृतीय पुरस्कार तथा चार अन्य समूहों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में शामिल सभी स्व-सहायता समूहों को सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शैक्षणिक विकास से भी जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्यान्नों, मोटे अनाजों एवं पारंपरिक व्यंजनों के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों को प्रतिदिन मेनू के अनुरूप पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम की व्यवस्थाएं बीआरसी घनश्याम मेघवाल एवं मध्यान्ह भोजन शाखा प्रभारी अशोक सखवाड़िया के मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। मंच संचालन जनशिक्षक गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने सभी प्रतिभागी समूहों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को बच्चों के बेहतर पोषण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नगर पालिका तैलिया तालाब में मिट्टी निकालने का ठेका पद्धति खत्म करें-मनजीत टूटेजा



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा हर वर्ष तैलिया तालाब के गहरीकरण के नाम पर तालाब से काली मिट्टी निकालने को लेकर ठेका दिया जाता है, यह पद्धति ही गलत है, इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए।

उक्त बात कहते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीतसिंह टूटेजा ने बताया कि बारिश से पहले नगर के प्रमुख पेयजल स्तोत्र तैलिया तालाब का गहरीकरण बेहद आवश्यक होता है, जिसके लिए मंदसौर नगर पालिका द्वारा ठेका देकर ठेकेदार द्वारा काली मिट्टी निकाली जाती है। लेकिन, इस विषय में यह ठेका पद्धति ही गलत है। इससे अच्छा तो यह है आस पास के किसानों को यहां से मिट्टी ले जाकर अपने खेतों में उपयोग के लिए निशुल्क दी जानी चाहिए। श्री टूटेजा ने बताया कि तैलिया तालाब के आस पास के क्षेत्र में कुमावत समाज के लोगों की जमीने है, जो कि कृषि कार्य करके अपना जीवन व्यापन करते है। ऐसे किसानों को अपने खेती कार्य के लिए तैलिया तालाब की मिट्टी निशुल्क ले जाने की स्वीकृति दी जानी चाहिए, इससे तालाब का गहरीकरण भी हो जायेगा और नगर पालिका परिषद मंदसौर पर कोई आर्थिक भार भी नहीं आयेगा और तालाब से निकलने वाली मिट्टी का भी सदुपयोग हो जायेगा। श्री टूटेजा ने कहा कि इस समस्या का इतना सरल समाधान हो सकता है तो फिर नगर पालिका परिषद इसका ठेका देकर इसकों क्यों पेचिदा बना रही है, यह समझ से परें है। किसानों को यह मिट्टी निशुल्क मिले उनको खेती में लाभ हो इससे अच्छा और कुछ नही हो सकता है। तैलिया तालाब के गहरीकरण के नाम पर ठेकेदार द्वारा जो मनमानी भरे कार्य किये जा रहे है, उसे तत्काल रूकवाये जायें और उक्त ठेकेदार का ठेका निरस्त कर भविष्य के लिए किसानों के लिए यह मिट्टी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाये।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आलोट में हुआ भव्य आयोजन

**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आलोट की ग्राम पंचायत खारवाकला मे डांगी धर्मशाला में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में योग कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दुर्गा शंकर मोयल, प्रकाश हाड़ा, जीवन सिंह सोलंकी, मोनू मीणा एवं मंगल सिंह चौहान उपस्थित थे। अतिथियों ने युवाओं के साथ स्वयं योगासन कर नागरिकों को नियमित योग अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को माधव शर्मा द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों कराए गए मेरा युवा भारत के माध्यम से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने भाग लेकर स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के कुशल दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अनुशासित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीवन सिंह सोलंकी एवं आभार प्रदर्शन अतुल वर्मा ने माना।

## नीमच में NEET-UG 2026 पुनः परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

### दो केंद्रों पर 926 में से 845 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2026 रविवार 21 जून 2026 को दोपहर 02ः00 बजे से सायं 05ः15 बजे तक जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

परीक्षा के आंकड़े - श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच पर 456 पंजीकृत में से 423 परीक्षार्थी उपस्थित थे। स्वामी विवेकानंद पी.जी.कॉलेज, नीमच में 470 पंजीकृत में से 422 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिले में कुल 926 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 845 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

व्यवस्थाएंः कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। एडीएम श्री बी.एस. कलेश, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धारवे, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों ने सुबह से ही दोनों केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

नीमच के दोनों केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, लाइव सीसीटीवी निगरानी, एच.एच.एम.डी.से तलाशी एवं थ्री-लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थियों के अभिभावकों को के केंद्र परिसर में बैठने की भी समुचित व्यवस्था की गई थी साथ ही प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों के परिजनों के लिए पेयजल एवं सल्पाहार की भी व्यवस्था दोनों केंद्रों पर की गई थी। नगर समन्वयक केंद्रीय विद्यालय नीमच के प्राचार्य श्री प्रियदर्शन गर्ग ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने सभी परीक्षार्थियों को सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## कालिका माता मंदिर परिसर महाकाल लोक की तर्ज पर आधुनिक होगा

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र. सरकार आध्यात्मिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के आधुनिकीकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुक्रम में उज्जैन में महाकाल लोक के बाद रतलाम में कालिका माता लोक विकसित करने की योजना बन गई है। इस योजना को लेकर कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में महापौर श्री प्रहलाद पटेल एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह से कालिका माता मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान इंजीनियरों ने कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि कालिका माता मंदिर परिसर का नया रुप महाकाल लोक की तरह सुंदर दिखाई देगा। प्रस्तावित नक्शे के अनुसार झाली तालाब परिसर अष्ट कोणिय रुप में विकसित किया जा रहा है।

## रतलाम विद्युत परिवार की बिटिया बिजली कंपनियों के मुख्यालय जबलपुर में की गई सम्मानित

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम पी ट्रांसको) के बिलपांक (रतलाम) में कार्यरत श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता की पुत्री कु. श्रुति गुप्ता, को विभिन्न क्षेत्रों मे उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने के लिए मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय जबलपुर में विशेष समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कुमारी श्रृति गुप्ता ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में सिल्वर मैडल प्राप्त किया। इसके अलावा सोनी टी.वी. पर प्रसारित टेलेंट शो (इंडिया गॉट टेलेंट) में जवाहर मलखंब ग्रुप रतलाम के कलाकारों के साथ शामिल होकर शानदार प्रदर्शन किया । इसके अतिरिक्त पिछले वर्ष चेन्नई मे आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय मल्लखंब प्रतियोगिता, अक्टूबर 2025 में आयोजित राष्ट्र स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उनकी इस सराहनीय कामयाबी के लिये मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी के सेवानिवृत मुख्य अभियंता व सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री एन जी टिकेकर,प्रबंध संचालक सुनील तिवारी द्वारा प्रशस्ति-पत्र, मैडल एवं विशेष भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ भारत विकास परिषद का 7 दिवसीय योग शिविर संपन्न

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद, मुख्य शाखा नीमच द्वारा आयोजित सात दिवसीय योग शिविर का भव्य एवं गरिमामय समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं भारत विकास परिषद शाखा नीमच के संस्थापक सदस्य दिलीप सिंह परिहार रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट एवं योग विशेषज्ञ डॉ. अशोक जैन, कैट जिला संयोजक एवं रोटरी के पूर्व मंडलाध्यक्ष दर्शन सिंह गांधी तथा नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय किलेवाला उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों एवं योग गुरु का स्वागत परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक दिलीप सिंह परिहार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है। भारत की पहल पर आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योग अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक जैन ने परिषद द्वारा आयोजित योग शिविर की सराहना करते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने योग गुरु रिमझिम मंगल की सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह नीमच नगर का सौभाग्य है कि यहां प्रशिक्षित एवं समर्पित योग गुरु उपलब्ध हैं।

दर्शन सिंह गांधी ने कहा कि भारत ने विश्व को योग जैसी महान जीवन पद्धति प्रदान की है। आज 174 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। वहीं संजय किलेवाला ने परिषद द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

शिविर के दौरान सात दिनों तक प्रतिभागियों को योगासन एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण देने वाली योग गुरु श्रीमती रिमझिम मंगल का परिषद परिवार द्वारा विशेष सम्मान किया गया। अतिथियों ने उन्हें शाल, श्रीफल, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समापन अवसर पर परिषद के शाखा अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता ने उपस्थित साधकों को हास्य योग कराया। ठहाकों और सकारात्मक ऊर्जा से पूरा परिसर गूंज उठा। सात दिवसीय इस योग शिविर में नगर के 75 से अधिक महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में शिविर संयोजक राजेश जायसवाल ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी द्वारा दी गई।

## जल में योग से स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला तैराकी संघ की पहल, खिलाड़ियों व अभिभावकों ने किया वॉटर योग

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नीमच जिला तैराकी संघ के तत्वावधान में कनावटी स्थित ज्ञानोदय स्विमिंग पूल में वॉटर योग का आयोजन किया गया। तैराकी और योग के अनूठे संगम वाले इस आयोजन में खिलाड़ियों, अभिभावकों तथा संघ पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और शारीरिक फिटनेस का संदेश दिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को विशेष रूप से मनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में नीमच जिला तैराकी संघ ने तैराकी गतिविधियों के साथ योग को जोड़ते हुए अभिनव पहल की। ज्ञानोदय स्विमिंग एकेडमी के कोच रवि कुमार सोनी के नेतृत्व में स्विमिंग पूल के भीतर खिलाड़ियों और प्रतिभागियों ने विभिन्न वॉटर योग अभ्यास किए। जल में किए गए योगासन और संतुलन संबंधी क्रियाओं ने प्रतिभागियों को अलग अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम में जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष अशोक मोदी, उपाध्यक्ष प्रकाश मंडवारिया, जिला सचिव तरुण ओझा, मास्टर नेशनल तैराक मोहन गेहलोद, राकेश बंसल, राजेश वर्मा 'पप्पी', विष्णु मोदी, रामगोपाल मोदी, अनिल सुराना, मुकेश चतुर्वेदी, भगवती प्रसाद, शरद पाटीदार तथा गौतम पटौदी सहित संघ के पदाधिकारी, तैराक खिलाड़ी और उनके अभिभावक मौजूद रहे। सभी ने योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प भी लिया।

तैराकी और योग का दिखा अनूठा समन्वय- वॉटर योग के दौरान प्रतिभागियों ने जल के भीतर संतुलन, श्वास नियंत्रण और लचीलेपन पर आधारित गतिविधियां कीं। विशेषज्ञों के अनुसार तैराकी के साथ योग का अभ्यास खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ मानसिक मजबूती विकसित करने में भी सहायक होता है। इसी उद्देश्य से जिला तैराकी संघ ने योग दिवस पर यह विशेष आयोजन रखा।

खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास पर जोर- संघ पदाधिकारियों ने कहा कि तैराकी केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास विकसित करने का माध्यम भी है। योग को प्रशिक्षण प्रक्रिया से जोड़ने से खिलाड़ियों की एकाग्रता, शारीरिक संतुलन और प्रदर्शन क्षमता में सकारात्मक सुधार आता है। वॉटर योग का आयोजन इसी सोच के साथ किया गया ताकि खिलाड़ी खेल के साथ स्वास्थ्य और मानसिक सुदृढ़ता को भी प्राथमिकता दें।

स्वस्थ समाज निर्माण का दिया संदेश- आयोजन के माध्यम से जिला तैराकी संघ ने खेल, योग और स्वास्थ्य को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए नियमित व्यायाम तथा सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। खिलाड़ियों और अभिभावकों की संयुक्त भागीदारी ने कार्यक्रम को सामाजिक जागरूकता का स्वरूप भी प्रदान किया।

## तैलिया तालाब के आसपास भराव होने से अतिक्रमण की आशंका, जिससे तालाब का वास्तविक आकार और क्षेत्र हो सकता है प्रभावित

मंदसौर। विधायक विपिन जैन ने कलेक्टर मंदसौर को पत्र लिखकर तैलिया तालाब के गहरीकरण कार्य में निकाली जा रही मिट्टी के उचित उपयोग की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा तैलिया तालाब के गहरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य तालाब की जल भराव क्षमता बढ़ाना है, ताकि इसका लाभ शहर की जनता को मिल सके ।



विधायक श्री जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि गहरीकरण के दौरान निकाली जा रही मिट्टी को तालाब के आसपास ही डाला जा रहा है तथा भराव किया जा रहा है। इससे तालाब के जलभराव क्षेत्रफल में कमी आने की संभावना है। साथ ही आसपास भराव होने से भविष्य में अतिक्रमण की आशंका भी बढ़ सकती है, जिससे तालाब का वास्तविक आकार और क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि गहरीकरण में निकलने वाली मिट्टी को शहर के विभिन्न बगीचों एवं सार्वजनिक स्थलों पर उपयोग में लिया जाए तथा किसानों को अपने खेतों में डालने के लिए निशुल्क उपलब्ध कराया जाए। इससे एक ओर तैलिया तालाब की जल भराव क्षमता में वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर निकाली गई मिट्टी का भी सदुपयोग हो सकेगा। विधायक विपिन जैन ने कलेक्टर से इस संबंध में शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, ताकि तालाब के संरक्षण एवं जल संवर्धन के उद्देश्य को पूर्ण रूप से सफल बनाया जा सके।

## कांग्रेस नेता और टीआई के बीच मोबाइल पर तीखी बहस, आंदोलन की चेतावनी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और मल्हारगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान जमकर बहस हो गई। मामला उस समय गरमा गया जब कांग्रेस नेता ने एक स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा कथित रूप से झूठी कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाया।

मोबाइल पर हुई इस बहस का ऑडियो इंटरनेट मीडिया में सामने आया है। जानकारी के अनुसार, अनिल शर्मा ने फोन पर टीआई रघुवंशी से उक्त कार्रवाई को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेस नेता का कहना है कि निर्दोष कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, टीआई अनिल रघुवंशी ने पुलिस कार्रवाई को कानून सम्मत बताते हुए आरोपों को निराधार बताया। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों पर अड़े रहे, जिससे माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया।

अनिल शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज करने और अनावश्यक कार्रवाई करने का सिलसिला बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस को निष्पक्ष रहकर कार्य करना चाहिए और किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव में कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

## मन, आत्मा और शरीर के संतुलन का आधार है योग : सांसद सुधीर गुप्ता

### विश्व योग दिवस पर नूतन स्टेडियम में हुआ सामूहिक योग कार्यक्रम, प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन सुना गया



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष ÷स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग÷ थीम पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन नूतन स्टेडियम, मंदसौर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री सुधीर गुप्ता थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, वन मंडल अधिकारी, बड़ी संख्या में योग साधक एवं पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोलकाता से दिया गया योग दिवस का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सुना। वहीं महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास भी किया गया। इसके पश्चात जैन संत श्री प्रणमय सागर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को योगाभ्यास कराया।

मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में हजारों वर्षों से योग की समृद्ध परंपरा रही है। ऋग्वेद सहित प्राचीन ग्रंथों में योग का उल्लेख मिलता है तथा महर्षि पतंजलि ने योग को सरल एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण, स्वामी विवेकानंद तथा अनेक संत-महात्माओं ने योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि मन, आत्मा और शरीर तीनों के स्वस्थ रहने के लिए इनके बीच संतुलन और समन्वय आवश्यक है, जो योग के माध्यम से संभव होता है। योग व्यक्ति को उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है तथा स्वस्थ एवं संयमित जीवन का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि योग अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक है और इसके नियमित अभ्यास से शरीर को अनेक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं।

## ए डी एम ने ज्ञान भारतम मिशन की बैठक की



**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** धर्मस्व शाखा अंतर्गत ज्ञान भारतम मिशन की बैठक ए डी एम डॉ शालिनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि ज्ञान भारतम मिशन भारत की विशाल पाण्डुलिपि विरासत को खोजने, उनका सर्वेक्षण करने, उन्हें संरक्षित करने और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके डिजिटल रूप से सुरक्षित बनाने की एक राष्ट्रीय पहल है। इसका उद्देश्य इस ज्ञान को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और सुलभ बनाना है। इसका मूल मंत्रः 77 न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते 77 (इस संसार में ज्ञान के समान कुछ भी पवित्र नहीं है) । कार्यक्रम का मुख्य स्तंभ संरक्षण , नवाचार और संवर्धन एवं अनुकूलन है । पाण्डुलिपियां खोजने के लिए सर्वेक्षण टीमें सरकारी और निजी पुस्तकालय, संग्रहालय, विश्वविद्यालय, अभिलेखागार और संस्कृत पाठशालाएं गुरुकुल, निजी व्यक्तिः पारंपरिक विद्वान, ज्योतिषी, आयुर्वेदिक चिकित्सक, मंदिर के पुजारी और निजी संग्रहकर्ता आदि स्थानों पर खोज कर रही है। डिजिटल ऐप और डेटा संग्रहणके लिए gyanbharatam.com वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से सर्वेक्षक या आम नागरिक पाण्डुलिपियों की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भारत की पाण्डुलिपियों का एक राज्यवार व्यापक डेटाबेस तैयार करना, दुर्लभ और संकटग्रस्त (लुप्त हो रही) पाण्डुलिपियों की पहचान होना अपेक्षित परिणाम है। इससे भारत का एक त्रद्धुस्-आधारित पाण्डुलिपि मानचित्र तैयार होगा।

# सम्पादकीय

## संतोष से दूर, संकट के निकटः परिवार की बदलती कहानी

जब संबंधों की जड़ें स्वार्थ की धूप में सूखने लगती हैं, तब सभ्यताओं का मौन पतन शुरू हो जाता है। भारतीय समाज उसी क्षरण से गुजर रहा है, जहाँ दिगंबर जैन दर्शन का गृहस्थ-धर्म–संतुलन, संयम और सांस्कृतिक दृढ़ता का प्रतीक–मोह, लोभ और भोग में गल रहा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (2019- 21) की वास्तविकता चुभती है–शहरी भारत में एकल परिवार 70त्न तक पहुँचकर संयुक्त परिवारों का स्थान ले रहे हैं, और महानगरों में 30- 40त्न तलाक दर रिश्तों की घटती आत्मीयता दर्शाती है। उपभोक्तावाद, सोशल मीडिया और व्यक्तिवादी सोच ने संयम व संतोष को विस्थापित कर दिया है, जिससे युवा सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जड़ों से कटकर क्षणिक सुखों की दौड़ में खो रहे हैं। दिगंबर दृष्टि में यह परिग्रह की मूर्छा है, जो आत्मा को शुद्ध स्वरूप से दूर करती है। यह केवल सामाजिक विघटन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पतन है, जिसका उपचार अपरिग्रह, अहिंसा और सम्यक चारित्र में निहित है।

बिगड़ती संस्कृति और बिखरते परिवारों के कारण- जब घरों में संवाद की जगह चुप्पियाँ बोलने लगें और अपनापन यंत्रों की चमक में धुंधला जाए, तब परिवार बिखरने लगता है। शहरों की ओर भागती ज़िंदगी ने संयुक्त परिवारों को कमजोर किया है, और व्यस्तता ने बच्चों की भावनात्मक निकटता छीन ली है। मोबाइल और इंटरनेट ने लोगों को एक ही छत के नीचे अलग-अलग दुनिया में बाँट दिया है। पीढ़ियों का अंतर, आर्थिक दबाव, नशे की प्रवृत्ति और नैतिक गिरावट रिश्तों की नींव कमजोर कर रहे हैं। जब जीवन का केंद्र धन और सुख बन जाता है, तब रिश्ते उपयोग और बोझ बन जाते हैं। जैन दर्शन इसे आसक्ति और कर्म-बंधन की जकड़न मानता है, जहाँ आत्मा विकारों से ढक जाती है। मन की कटुता (भाव-हिंसा) घरों को मौन टकराव और टूटन की ओर ले जाती है।

जैन दर्शन में समाधान का मार्ग - संयम की संजीवनी

जब भीतर का संतुलन टूटने लगे और संबंधों की डोर ढीली पड़ जाए, तब जैन दर्शन जीवन को दिशा देता है। अहिंसा परमो धर्मः केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि चेतना को निर्मल करने वाली जीवन-धारा है, जो मन, वचन और कर्म से किसी जीव को कष्ट न देने का संकल्प कराती है। जहाँ परिवारों में करुणा, क्षमा और समभाव बने रहते हैं, वहाँ विघटन की गुंजाइश नहीं रहती। इसके विपरीत, भोग-लालसा और कामुक प्रवृत्तियाँ रिश्तों की पवित्रता क्षीण करती हैं। जैन गृहस्थ परंपरा में ब्रह्मचर्य को एकपत्नीत्व और इंद्रिय-संयम के रूप में माना गया है, जो विश्वास, मर्यादा और स्थायित्व का आधार बनता है। जब मनुष्य इंद्रियों पर संयम साध लेता है, तब परिवार बाहरी आकर्षणों से मुक्त होकर सुदृढ़ बन जाता है।

इच्छाओं का निर्वाण- जब मेरा और मेरा ही की पकड़ जीवन पर हावी होने लगे, तब जैन दर्शन का अपरिग्रह इच्छाओं के बंधन को विलीन करने वाली जागृति बन जाता है। यह त्याग नहीं, बल्कि वह स्थिति है जहाँ संतोष जीवन का आधार बनता है। अनियंत्रित संचय लालच, ईर्ष्या और तुलना को जन्म देकर परिवारों में तनाव और दूरी बढ़ाता है। तीर्थंकरों का संदेश है कि अनावश्यक संग्रह सबसे भारी बंधन है। आज जीवन दिखावे और और चाहिए की दौड़ में फँसकर संबंधों के लिए समय व संवेदना खो रहा है। अपरिग्रह इच्छाओं को सीमित कर संतोष जगाता है, व्यर्थ खर्च घटाता है और घरों में शांति लाता है। साथ ही, यह प्रकृति पर दबाव कम कर संतुलित सह-अस्तित्व को बढ़ावा देता है।

सत्य को किसी एक खांचे में बंद कर देना जैन दर्शन के अनेकांतवाद और स्यादवाद की भावना के विपरीत है, क्योंकि यहाँ हर सत्य को अनेक कोणों से देखने की कला सिखाई जाती है। जब मैं ही सही हूँ की कठोरता टूटती है और दूसरे दृष्टिकोण में भी सच्चाई हो सकती है की स्वीकार्यता जन्म लेती है, तब घर-परिवार की छोटी-छोटी बहसें भी संवाद में बदल जाती हैं। यही दृष्टि पीढ़ियों के बीच जमी बर्फ पिघलाकर समझ का पुल बनाती है, जहाँ मतभेद टकराव नहीं बल्कि परस्पर सम्मान और संतुलन का आधार बन जाते हैं।

जैन जीवन-दृष्टि का आधार त्रिरत्न–सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र–है, जो विचार, समझ और आचरण को शुद्ध करते हैं। जैन परिवारों में प्रातः-सायं पूजा, स्वाध्याय, उपवास और परोपकार की परंपराएँ बचपन से संस्कार विकसित करती हैं। श्रमण संस्कृति बाहरी आडंबरों से दूर रहकर आत्मशुद्धि और आत्मनिरीक्षण को सर्वोच्च स्थान देती है। अहिंसा और अपरिग्रह ने जैन समाज को नैतिकता, सम्मान और समृद्धि प्रदान की है। गृहस्थ जीवन में अणुव्रत–अहिंसा, अपरिग्रह आदि–इच्छाओं को नियंत्रित कर जीवन को सादगी और संस्कृति से जोड़ते हैं।

संरक्षण और संस्कार-निर्माण की दिशा आवश्यक है। बाल्यकाल से णमोकार मंत्र, जैन कथाएँ और महावीर स्वामी का जीवन बच्चों में संस्कार रूप में बसाया जाए। सामूहिक भोजन, संयुक्त प्रार्थना और पर्व-उत्सव पारिवारिक संबंधों को सुदृढ़ करते हैं। सोशल मीडिया का संयमित उपयोग, स्वाध्याय और उपवास जीवन में अनुशासन लाते हैं। शिक्षा में नैतिक मूल्यों और जैन सिद्धांतों का समावेश आवश्यक है। जैन संगठन परिवार परामर्श केंद्रों तथा संयुक्त परिवार व्यवस्था को बढ़ावा दें। ध्यान, क्षमा और समता की साधना भीतर शांति लाकर परिवार को विघ्नों से सुरक्षित रखती है।

## बिना प्रयास ध्यान : सहज योग की विशेषता



वर्तमान समय में मेडिटेशन (ध्यान) के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़? रहा है, और यह अब केवल आध्यात्मिक अभ्यास न रहकर एक वैश्विक स्वास्थ्य प्रवृत्ति बन गया है। भागदौड़ भरी जिंदगी, बढ़ते मानसिक तनाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के कारण लोग अब मानसिक शांति की तलाश में ध्यान की ओर रुख कर रहे हैं।

परंतु ध्यान की सही विधि और इसके साइंस को समझे बिना ध्यान मात्र एक क्रिया बनकर रह जायेगी। मेडिटेशन (ध्यान) की सही विधि में मुख्य बाधाएं अति-विचार, शारीरिक बेचैनी, नींद/आलस्य, ध्यान न लगना और परिणाम के लिए जल्दबाजी हैं। इन्हें दूर करने के लिए प्रतिदिन एक ही समय पर नियमानुसार अभ्यास करना होगा, आरामदायक आसन पर बैठकर पहले सांसों पर ध्यान केंद्रित कर और विचारों को जबरदस्ती रोकने के बजाय साक्षी भाव से देखने का अभ्यास करना होगा। सहज योग एक ऐसी अद्वितीय ध्यान पद्धति है जो 1970 में श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा विकसित की गई थी, जिसके माध्यम से कुण्डलिनी ऊर्जा को सहजता से और लगभग बिना किसी प्रयास के जाग्रत किया जा सकता है जो ध्यान की गहनता के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है। सहज योग ध्यान पद्धति आत्म-साक्षात्कार के द्वारा आत्म-ज्ञान और आंतरिक शांति प्राप्त करने की एक स्वैच्छिक और निःशुल्क विधि है।

सहज योग पद्धति में आसन, प्राणायाम या कठिन मानसिक अनुशासन के बिना सीधे कुंडलिनी शक्ति जाग्रत होती है। सहज योग में ध्यान, मन को सप्रयास नियंत्रित नहीं करता है बल्कि यह स्वतः ही ÷विचार-रहित जागरूकता÷ की स्थिति लाता है, जहाँ मन शांत और स्पष्ट हो जाता है।

इसमें सचेत प्रयास की आवश्यकता नहीं होती; केवल दृढ़ इच्छा और समर्पण से ध्यान लगता है। यह तकनीक पूरी तरह से निःशुल्क है और इसे कोई भी, कभी भी और कहीं भी इसका अभ्यास कर सकता है। यह न केवल आध्यात्मिक विकास करता है, बल्कि मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक संतुलन भी लाता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। सहज योग के माध्यम से व्यक्ति अपने स्वयं का गुरु बन जाता है आत्म-संतोष, आनंद और आंतरिक शांति की अनुभूति पाने की विधि वह स्वयं सीख लेता है।

# अमेरिकी-ईरान समझौते का सबसे बड़ा अवरोध, इजरायल की हमलावर नीति

विगत दिनों अमेरिका ईरान के बीच एक लंबा समझौता हुआ, समझौते में यह स्पष्ट हो गया था कि स्टेट ऑफ हारमोंस को ईरान द्वारा खोल दिया जाएगा किंतु फिर इजरायल द्वारा लेबनान में इस समझौता के बाद लगातार हमले किए गए जिससे लेबनान में फिर तबाही मच गई है और इस हमले के परिणाम स्वरूप ईरान ने स्टेट आफ हारमोंस को फिर बंद कर दिया है और यह भी शर्त रख दी है जब तक इसराइल लेबनान पर हमले करते रहेगा तब तक स्टेट ऑफ हारमोंस भी बंद रहेगा। ईरान लंबे समय से लेबनान के हिज़्बुल्लाह को अपना प्रमुख रणनीतिक सहयोगी मानता आया है। यह संबंध केवल वैचारिक नहीं, बल्कि सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव से भी जुड़ा है। यदि इज़राइल लेबनान में व्यापक सैन्य अभियान चलाता है, तो तेहरान इसे अपने प्रभाव क्षेत्र पर सीधी चुनौती के रूप में देख सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान के लिए मौन रहना भी कठिन होगा और प्रत्यक्ष युद्ध में उतरना भी जोखिमपूर्ण। दूसरी ओर अमेरिका की स्थिति और भी जटिल है। वह इज़राइल की सुरक्षा का सबसे बड़ा समर्थक है, परंतु वह यह भी जानता है कि यदि संघर्ष ईरान तक फैलता है, तो पूरा मध्य-पूर्व एक ऐसे युद्ध में बदल सकता है जिसकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। तेल की कीमतों में उछाल, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट, वैश्विक महँगाई और ऊर्जा असुरक्षा ये सभी संभावित परिणाम अमेरिका की रणनीतिक चिंताओं का हिस्सा हैं।

कूटनीति का सबसे कठिन क्षण वही होता है जब मित्र राष्ट्र युद्ध चाहते हों और राष्ट्रीय हित शांति की माँग कर रहे हों। अमेरिका आज इसी द्वंद्व से गुजरता दिखाई देता है। एक ओर वह इज़राइल का विश्वास खोना नहीं चाहता, दूसरी ओर ईरान के साथ संवाद के दरवाज़े भी पूरी तरह बंद नहीं करना चाहता। यही संतुलन आने वाले समय की सबसे कठिन कूटनीतिक परीक्षा है।

ईरान भी आज वैसा नहीं है जैसा चार दशक पहले था। आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है। युवा पीढ़ी बेहतर जीवन, रोजगार और वैश्विक अवसरों की अपेक्षा रखती है। ऐसे में अमेरिका के साथ किसी संभावित समझौते का अर्थ केवल प्रतिबंधों में राहत नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जीवन भी है। इसलिए तेहरान के लिए युद्ध और संवाद–दोनों के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती है। इतिहास बताता है कि शांति और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं। शीत युद्ध के दौर में भी परमाणु प्रतिस्पर्धा के बीच हथियार नियंत्रण संधियाँ हुई विश्व राजनीति का इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि युद्ध कभी केवल रणभूमि में नहीं लड़े जाते, वे सभ्यताओं की चेतना, अर्थव्यवस्थाओं की धड़कनों और कूटनीति की मेज़ों पर भी अपने गहरे निशान छोड़ जाते हैं। जब किसी सीमा पर पहला गोला दागा जाता है, उसी क्षण अनेक समझौतों की नींव भी हिलने लगती है। आज मध्य-पूर्व पुनः उसी मोड़ पर खड़ा है, जहाँ एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से जमे अविश्वास को संवाद के माध्यम से कम करने की कोशिशें दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर इज़राइल और लेबनान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव पूरे क्षेत्र को व्यापक युद्ध की ओर धकेलता प्रतीत हो रहा है।

सवाल यह नहीं कि युद्ध होगा या नहीं वास्तविक प्रश्न यह है कि यदि युद्ध की आग और भड़कती है, तो क्या अमेरिका और ईरान के बीच बनती हुई कूटनीतिक संभावनाएँ उसी आग में भस्म हो जाएँगी? मध्य-पूर्व केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी है। विश्व की ऊर्जा आपूर्ति, सामरिक समुद्री मार्ग, धार्मिक आस्थाएँ और महाशक्तियों के रणनीतिक हित–सब यहाँ एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसीलिए यहाँ की हर सैन्य घटना का प्रभाव वाशिंगटन, मॉस्को, बीजिंग, ब्रुसेल्स और नई दिल्ली तक महसूस किया जाता है। कई बार युद्ध ने वार्ता को जन्म दिया और कई बार वार्ता युद्ध को रोकने में असफल रही। इसलिए यह मान लेना कि इज़राइलङ्कलेबनान संघर्ष शुरू होते ही अमेरिकाङ्कईरान समझौता समाप्त हो जाएगा, राजनीतिक यथार्थ का अत्यधिक सरलीकरण होगा। यह भी उतना ही सत्य है कि यदि संघर्ष सीमित न रहकर क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले लेता है, यदि हिज़्बुल्लाह, ईरान और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रत्यक्ष रूप से इसमें उतरती हैं, तो अमेरिकाङ्कईरान संबंधों में अविश्वास की खाई और गहरी हो सकती है। तब कूटनीति की भाषा बारूद के शोर में दब जाएगी।।आज का विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। चीन अपने आर्थिक और सामरिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, रूस पश्चिमी दबावों का प्रतिरोध कर रहा है और यूरोप ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ऐसे समय में मध्य-पूर्व का कोई भी बड़ा युद्ध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को प्रभावित करेगा। यही कारण है कि विश्व की लगभग सभी प्रमुख शक्तियाँ युद्ध के विस्तार को रोकने में रुचि रखती हैं। सबसे अधिक चिंता उस आम नागरिक की है जिसका न तो युद्ध से कोई लाभ है और न ही सत्ता की महत्वाकांक्षाओं से कोई संबंध। युद्ध की हर लपट सबसे पहले निर्दोष बच्चों, महिलाओं, बुज़ुर्गों और विस्थापित परिवारों को अपनी चपेट में लेती है। इतिहास की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि निर्णय शासक लेते हैं और मूल्य समाज चुकाता है।

भारत जैसे देशों के लिए भी यह संकट अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग पश्चिम एशिया से जुड़ा है। वहाँ रहने वाले लाखों भारतीयों की सुरक्षा, व्यापारिक हित और समुद्री मार्गों की स्थिरता भारत की विदेश नीति के प्रमुख आयाम हैं। इसलिए भारत निरंतर संयम, संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता आया है। यही नीति आज भी सबसे व्यावहारिक और दूरदर्शी प्रतीत होती है।

अब यह माना जा सकता है कि इज़राइल का लेबनान पर आक्रमण अमेरिकाङ्कईरान संबंधों को गंभीर रूप से प्रभावित अवश्य करेगा, परंतु किसी भी संभावित समझौते का भविष्य केवल युद्ध नहीं, बल्कि उससे उत्पन्न राजनीतिक निर्णय तय करेंगे। यदि विवेक, संयम और कूटनीति को प्राथमिकता मिली, तो संवाद जीवित रहेगा। यदि प्रतिशोध, विस्तारवाद और शक्ति-प्रदर्शन हावी रहे, तो समझौतों की मेज़ें फिर वर्षों तक सूनी पड़ सकती हैं। मानव सभ्यता को यह स्वीकार करना होगा कि स्थायी शांति मिसाइलों के भंडार से नहीं, बल्कि विश्वास के निर्माण से आती है। हथियार भय पैदा कर सकते हैं, सम्मान नहीं; युद्ध सीमाएँ बदल सकते हैं, इतिहास नहीं; और कूटनीति ही वह सेतु है, जिस पर चलकर शत्रु भी भविष्य के साझेदार बन सकते हैं।आज मध्य-पूर्व केवल युद्ध के कगार पर नहीं खड़ा है, बल्कि मानवता की सामूहिक बुद्धिमत्ता की परीक्षा के सामने भी खड़ा है। आने वाले दिनों में लिए जाने वाले निर्णय यह तय करेंगे कि इतिहास आने वाली पीढ़ियों को बारूद की विरासत देगा या संवाद की संस्कृति।

-संजीव ठाकुर

## मानवीय क्षमताएं बढ़ाता है योग

शास्त्रों में उल्लेख है कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थ के लिए आरोग्य उत्तम मूल यानी मुख्य आधार है। इसका निहितार्थ यही है कि तन और मन में संतुलन बना रहे। आरोग्य यानी निरोगी रहना विकारों से मुक्त रहना है। यही हमारा स्वभाव है और उसे बनाए रखना हर प्राणी का कर्तव्य होता है। प्रकृति ने हमारी संरचना इसी प्रकार से तैयार की है, लेकिन आज के प्रतिस्पर्धी युग में उसके अनुरूप जीवन संचालन में समस्याएं आ रही हैं। विकार उत्पन्न हो रहे हैं। विकार बाधक होते हैं, जो आगे बढ़ने में रोड़ा तो अटकाते ही हैं, साथ ही हमारी शक्ति और ऊर्जा का अपव्यय भी करते हैं। इससे हमारा ध्यान अपने लक्ष्य से भटकता है। आज के तेजी से डिजिटल हो रहे युग में बच्चे-बूढ़े सभी आमतौर पर ध्यान के भटकाव की शिकायत करते मिलते हैं।

उनका चित्त स्थिर नहीं रह पाता है। इसके फलस्वरूप कोई काम ठीक से नहीं हो पाता और स्मृति भी कमजोर पड़ने लगती है। दूसरी ओर यह सबका अनुभव है कि ध्यानावस्थित या दत्तचित्त होकर ही कोई कार्य सिद्ध किया जा सकता है। 'ध्यान देना' और कुछ नहीं, अपनी चेतना के सतत प्रवाह को एक दिशा में ले जाना है। हम ध्यान को किसी वस्तु, व्यक्ति या घटना में केंद्रित या फोकस करते हैं। इसी क्रम में अंतर्जगत और बाह्य जगत के साथ तालमेल बैठाना यानी ठीक तरह और ठीक जगह जोड़ना-जुड़ना आज की सबसे बड़ी चुनौती हो रही है। आज पूरे विश्व में मनोरोगियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। ऐसे में योग-शास्त्र और उसकी साधना बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। योग का अर्थ है जुड़ना, परंतु हर तरह का जुड़ना आकस्मिक या जानबूझकर मिलने का संयोग हो सकता है। योग-शास्त्र के अनुसार योग एक विशेष प्रकार से सायास जुड़ने का नाम है। योग विद्या के आलोक में अंतर और बाह्य जगत के साथ हमारा रिश्ता नया ओजस्वी अर्थ प्राप्त कर लेता है। यम और नियम नैतिक जीवन जीने की प्रक्रिया बताते हैं तो आसन शरीर का रख-रखाव और उसकी क्षमता को संवर्धित करने का काम करते हैं। प्राणायाम हमारे श्वास और प्राणिक ऊर्जा को व्यवस्था करते हैं। प्रत्याहार बाह्य दुनिया के साथ विवेकपूर्ण संबंध को नियमित करता है। ध्यान, धारणा और समाधि अंतरंग योग हैं, जो चेतना के परिष्कार को संभव बनाते हैं। इसीलिए महर्षि अरविंद कहते हैं कि %पूरा जीवन ही योग है।% वे योग को समग्र जीवन-दर्शन के रूप में प्रस्तुत करते हैं। सबसे जुड़कर ही अच्छी तरह से जीना संभव हो पाता है। उसके लिए आवश्यक तैयारी भी अनेक स्तरों पर करनी होती है। योग के जिस स्वरूप को महर्षि पतंजलि ने 'योग-सूत्र' में प्रस्तुत किया था, वह इसी तैयारी का माडल या नक्शा है। उसे अष्टांग योग कहकर वे यही कहना चाहते थे कि जैसे सभी अंगों से मिलकर शरीर बनता है, उसी तरह योग भी अनेक पक्षों से मिलकर बना है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि सबको मिलाकर ही योग की रचना पूर्ण होती है।

-धनंजय राजौरा

# भारत की आजादी के शुभ मुहूर्त-प्रदाताः पं. सूर्यनारायण व्यास

भारतीय सभ्यता में समय-समय पर ऐसे व्यक्तित्व उभरे हैं जिनकी प्रतिभा को किसी एक दायरे में बांधना मुश्किल है। पं. सूर्यनारायण व्यास ऐसे ही एक नाम हैं। उज्जैन की धरती से निकले इस ज्योतिषाचार्य, क्रांतिकारी, साहित्यकार, पत्रकार और पुरातत्त्ववेत्ता को भारतीय अस्मिता का एक प्रखर प्रतीक कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। 2 मार्च 1902 को जन्म और 22 जून 1976 को निधन–बीच के इन वर्षों में उन्होंने जो कुछ रचा, वह भारतीयता की जड़ों को संस्कृत, ज्योतिष, इतिहास, साहित्य और स्वाधीनता संग्राम से जोड़ने वाला एक पूरा सेतु बन गया।

जन्म उज्जैन के सिंहपुरी मोहल्ले के एक विद्वान परिवार में हुआ। पिता पं. नारायणजी व्यास महर्षि सांदीपनी की परंपरा के वाहक थे–संस्कृत, ज्योतिष और व्याकरण के गहरे जानकार। कहते हैं कि वे दोनों हाथों से एक साथ लिख सकते थे, और उनकी इस ख्याति के चलते लोकमान्य तिलक और मदनमोहन मालवीय जैसे लोग उनसे मिलने उज्जैन आते थे। ऐसे माहौल में बड़े हुए सूर्यनारायणजी के लिए विद्या और राष्ट्रप्रेम बचपन से ही जीवन का हिस्सा बन गए थे।

संस्कृत, हिंदी, गुजराती, मराठी, बंगला–इतनी भाषाओं पर उनकी पकड़ थी कि 14-15 साल की उम्र में ही उनकी रचनाएं छपने लगी थीं। 1916 में माधव कॉलेज की पत्रिका में मराठी रचना शारदोत्सव प्रकाशित हुई। शुरुआती दिनों में उर्दू शायरी भी की, शम्स उज्जयिनी के नाम से। उस दौर का उज्जैन क्रांतिकारियों का अड्डा बन चुका था, और सूर्यनारायण उस माहौल से अनछुए नहीं रहे।

1921 से वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए। सिद्धनाथ माधव आगरकर के संपर्क में आकर तिलक की जीवनी का अनुवाद किया। सावरकर की अंडमान की गूंज ने उन्हें गहरे तक प्रभावित किया था। 1930 के अजमेर सत्याग्रह में उज्जैन के जत्थे की अगुआई की और लॉर्ड मेयो की मूर्ति तोड़ने जैसे जोखिम भरे कामों में भी शामिल रहे। उस मूर्ति का एक टूटा हाथ बरसों उनके भारती भवन में पड़ा रहा। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने गुप्त रेडियो स्टेशन चलाया। उनके गुरुकुल में कई क्रांतिकारी वेश बदलकर छिपे रहते थे–एक तरफ ज्योतिषी, दूसरी तरफ क्रांतिकारी, यह संयोग कम ही देखने को मिलता है। 1930 में ही उन्होंने कह दिया था कि भारत अगस्त 1947 में आजाद होगा।

सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की होती है, वह है भारत की आजादी का मुहूर्त तय करने में उनकी भूमिका। 1946-47 के आखिरी दिनों में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने, जिनकी रुचि आध्यात्मिक विषयों में भी थी, गोस्वामी गणेश दत्त महाराज के जरिए उन्हें दिल्ली बुलाया। अंग्रेजों ने 14 और 15 अगस्त की दो तारीखें दी थीं। पंचांग देखकर पं. व्यास ने बताया कि 14 अगस्त का लग्न अस्थिर है, इसलिए 15 अगस्त बेहतर रहेगा। आधी रात को ध्वजारोहण का सुझाव भी उनका ही था, जिसे मान लिया गया–और इसी वजह से लाल किले पर तिरंगा ठीक मध्यरात्रि में फहराया गया। संसद भवन के शुद्धिकरण की सलाह भी उन्होंने दी थी। पाकिस्तान को मिले 14 अगस्त के मुहूर्त के बारे में उन्होंने पहले ही कह दिया था कि यह अस्थिर साबित होगा, जो आगे की घटनाओं में सही निकला। यह सब केवल ज्योतिषीय कौशल का मामला नहीं था; इसमें भारतीय अस्मिता को वैदिक परंपरा से जोड़ने की एक गहरी कोशिश भी थी।

विक्रम मासिक पत्र के संपादक के तौर पर उन्होंने 2500 से ज्यादा संपादकीय लिखे–व्यास उवाच और बिन्दु-बिन्दु के शीर्षक से। 1937 में यूरोप गए, और वहां से लौटकर सागर प्रवास जैसी क्लासिक यात्रा-वृत्तांत लिखी। व्यंग्य लेखन में भी उनका नाम ऊंचा रहा–1935 में आया पहला संग्रह तू-तू- मैं-मैं इसका उदाहरण है। उनके व्यंग्य में फूहड़पन नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समझ की झलक मिलती थी। हिंदी व्यंग्य की शुरुआती और प्रभावशाली परंपरा में उनका नाम गिना जाता है।

कविता, निबंध, संस्मरण, इतिहास, पुरातत्त्व–लगभग हर विधा में उनकी कलम चली। यादें नाम से उनके संस्मरण संग्रहित हैं, जिनमें देश की कई बड़ी शख्सियतों से उनकी मुलाकातों का जिक्र मिलता है। उज्जैन के पुराने गौरव–कालिदास, विक्रमादित्य, महाकाल–को फिर से जीवित करने में उनका योगदान बड़ा रहा।

उज्जैन की कालिदास समारोह परंपरा उनके ही प्रयासों की देन है। 1928 से महाकाल मंदिर और भारती भवन में कालिदास जयंती मनाई जानी शुरू हुई, जो बाद में अखिल भारतीय कालिदास समारोह बन गई। विक्रम विश्वविद्यालय, विक्रम कीर्ति मंदिर, सिंधिया शोध प्रतिष्ठान, कालिदास परिषद–इनकी स्थापना के पीछे भी उनकी ही प्रेरणा थी। उनका गुरुकुल हजारों छात्रों का घर था; देश-विदेश से लोग आते और मुफ्त में शिक्षा, खाना, रहना सब मिलता। ज्योतिष और खगोल विद्या में उनके शिष्यों की संख्या सात हजार से ज्यादा बताई जाती है।

1958 में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मभूषण मिला। लेकिन 1967 में जब अंग्रेजी को हमेशा के लिए बनाए रखने वाला विधेयक आया, तो विरोध में उन्होंने यह सम्मान वापस लौटा दिया। सत्ता या पुरस्कार के आगे झुकना उन्हें कभी मंजूर नहीं रहा। 2002 में भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया।

उनकी विरासत को बेटे राजशेखर व्यास–दूरदर्शन के पूर्व अधिकारी और लेखक–ने आगे बढ़ाया। उज्जैन में आज भी कालिदास अकादमी, सूर्यनारायण व्यास संकुल जैसी संस्थाएं उनकी याद को बनाए हुए हैं। जिस दौर में भारतीय अस्मिता पर नए सिरे से बात हो रही है, पं. व्यास का जीवन एक मिसाल की तरह सामने आता है–प्राचीन ज्ञान और आधुनिक संघर्ष को साथ लेकर चलने की मिसाल। उनकी दूरदृष्टि, आजादी की भविष्यवाणी और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का काम आज भी उतना ही प्रासंगिक लगता है, जब देश आत्मनिर्भरता और अपनी जड़ों की तरफ लौटने की बात कर रहा है।

पं. सूर्यनारायण व्यास की यादें उनकी रचनाओं में, उज्जैन की परंपराओं में, और उन सबके मन में जिंदा हैं जो अपनी जड़ों पर गर्व करते हैं। 50वें पुण्य स्मरण दिवस पर पंडित व्यास जी को सादर नमन।

-देशना जैन

# अच्छे दिनों में राजकोषीय गुंजाइश न बनाना भारत की बड़ी भूल, आर्थिक संकट में विकल्प हुए सीमित



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी से हाल के संकट से निपटने के लिए तीन 'एफ' पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। ये हैं फॉरेन एक्सचेंज, फ्यूल और फर्टिलाइजर यानी विदेशी मुद्रा, ईंधन और उर्वरक। लेकिन उन्हें एक और महत्त्वपूर्ण 'एफ' जोड़ने की आवश्यकता हो सकती है- ?फिस्कल स्पेस यानी राजकोषीय गुंजाइश। यदि यह उपलब्ध होती तो वर्तमान संकट का सामना करने में उनके पास अधिक विकल्प होते।

यदि भारत ने कोविड संकट के 2022-23 में समाप्त होने के बाद के तीन अच्छे वर्षों में अधिक राजकोषीय गुंजाइश बनाई होती, तो आज इस संकट से निपटने के लिए उसके पास अधिक विकल्प होते। मैंने जनवरी 2025 के अपने कॉलम में चेतावनी दी थी कि यदि भारत अनुकूल समय में अधिक राजकोषीय गुंजाइश बनाने में सक्षम नहीं हुआ, तो अगले संकट से निपटने के लिए हमारे पास कोई साधन नहीं होगा। उस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया गया। आज हम एक ऐसे संकट का सामना कर रहे हैं जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी और जिसके लिए भारत बिल्कुल तैयार नहीं है तथा उसके पास सीमित विकल्प ही उपलब्ध हैं।

भारत ने राजकोषीय घाटा कम करने के लिए जो रास्ता अपनाया है वह बहुत धीमा है। वित्त वर्ष 27 के (बजट अनुमान) में इसका राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी रहने का अनुमान है जो धीमी गिरावट के बाद वित्त वर्ष 26 में 4.4 फीसदी तक पहुंचा है, जबकि वित्त वर्ष 22 में यह 6.7 फीसदी था।

राज्यों का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 24 और वित्त वर्ष 25 में बढ़ा जिसके कारण सार्वजनिक ऋण जीडीपी के अनुपात में बहुत धीरे-धीरे घटा और 80 फीसदी से ऊपर ही बना रहा। पश्चिम एशिया संकट से पहले भी अनुमान था कि सार्वजनिक ऋण 2030 तक ही जीडीपी के 80 फीसदी से नीचे जाएगा। यह संकट के बाद सबसे धीमी राजकोषीय सुधार में से एक है जिससे घाटे को वित्तपोषित करने के लिए अधिक वित्तीय नियंत्रण हुआ और वाणिज्यिक ब्याज दरें ऊंची बनी रहीं।

तेजी से निजीकरण करके राजकोषीय घाटे को तेजी से कम किया जा सकता था लेकिन एयर इंडिया की बिक्री के बाद वह पूरी तरह ठप पड़ गया। मैंने कुछ वर्ष पहले राष्ट्रीय लोक वित्त और नीति संस्थान में किए गए एक विस्तृत अध्ययन में तर्क दिया था कि रणनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने वाली महारत्न कंपनियों को छोड़कर इतने अधिक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को बनाए रखने का कोई कारण नहीं है और उनकी बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में किया जाना चाहिए।

लेकिन तब से भारत ने पहले ही सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश कर लिया है, इसलिए भविष्य में सरकारी उपक्रमों की बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग सार्वजनिक ऋण कम करने और भविष्य के संकटों के लिए राजकोषीय गुंजाइश बनाने में किया

जाना चाहिए। वास्तव में, तब से भारत में सरकारी उपक्रमों की संख्या घटने के बजाय आश्चर्यजनक रूप से बढ़ गई है। यह उस सरकार के लिए अजीब है जिसने 'अधिकतम शासन, न्यूनतम सरकार' का नारा दिया था। इन कंपनियों के बड़े हिस्से को बेचकर सार्वजनिक ऋण घटाना वह राजकोषीय गुंजाइश पैदा करेगा जिसकी हमें भविष्य के संकटों से निपटने के लिए आवश्यकता है। इस बार संकट के दौरान तो हम यह नहीं कर पाए लेकिन अगले संकट के लिए यह जरूरी है।

एक और 'एफ' यानी 'फ्रीबीज' (मुफ्त उपहार आदि) पर ध्यान देना जरूरी होना चाहिए। हर राज्य में और हर चुनाव के साथ इनकी तादाद बढ़ती ही जा रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) है जिसके जरिये 81.4 करोड़ नागरिकों (जनसंख्या का 56 फीसदी) को मुफ्त भोजन दिया जाता है। इसकी लागत जीडीपी की 0.7 फीसदी है लेकिन अब यह बढ़कर जीडीपी के 1 फीसदी से अधिक हो जाएगी।

हाल ही में ईटी ग्लोबल समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी सब्सिडी केवल 20 करोड़ गरीब रेखा से नीचे रहने वालों को ही नहीं बल्कि अन्य 60 करोड़ लोगों को भी दी जा रही है। उन्होंने तर्क दिया कि वे गरीब रेखा से ठीक ऊपर हैं लेकिन फिर से गरीबी में आ सकते हैं और इसलिए मुफ्त भोजन के हकदार हैं। सवाल यह उठता है कि यह मुफ्त भोजन आखिर जाता कहां है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर संतोष मेहरोत्रा के अनुसार हाल ही में जारी छठा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण दिखाता है कि भारत में बाल कुपोषण दर 2023-24 में 32 फीसदी थी जो 2019-21 (एनएफएचएस-5) से लगभग अपरिवर्तित रही।

इस असाधारण उदारता का असली कारण यह है कि बहुत से लोगों के लिए नौकरियां सुनिश्चित नहीं की जा सकीं और उन्हें यह विशाल रियायत वोट पाने के लिए दी जाती है। अब हर पार्टी हर चुनाव में एक-दूसरे से अधिक मुफ्त उपहार देने की होड़ करती है जिससे केंद्रीय और राज्य स्तर पर घाटे और बढ़ जाते हैं। वित्त वर्ष 24 और वित्त वर्ष 25 में राज्य स्तर के घाटे तेजी से बढ़े जिससे सार्वजनिक ऋण का स्तर ऊंचा बना रहा।

ताजा सर्वेक्षण से पता चलता है कि मार्च 2026 के लिए व्यापार मुद्रास्फीति अपेक्षाएं 57 आधार अंक बढ़ीं। कंपनियों ने लगातार तीन महीनों तक अपनी महंगाई अपेक्षाएं 5 फीसदी से ऊपर रखीं। ऐसा अगस्त 2022 के बाद ही देखा गया था। अप्रैल 2026 में व्यवसायों ने एक वर्ष आगे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की शीर्ष महंगाई दर 4.94 फीसदी रहने की उम्मीद जताई जो फरवरी 2026 के 4.7 फीसदी से 24 आधार अंक अधिक है। इससे आगे मौद्रिक नीति समिति पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव होगा। वहां कोई राहत नहीं।

रुपये को संभालने के लिए पूंजी प्रवाह पर रोक लगाने की मांग उठ रही है। लेकिन इससे भारत को लंबे समय में और अधिक नुकसान हो सकता है। एकमात्र विकल्प छोटे उद्यमों को अधिक ऋण सहूलियत देना होगा ताकि वे संकट के दौर में टिके रहे सकें।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 30 जून 2026 तक वितरित किए गए प्री-शिपमेंट और पोस्ट-शिपमेंट निर्यात ऋण के लिए 450 दिनों तक की विस्तारित ऋण अवधि की घोषणा की है। सरकार ने लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण सहूलियत योजना की घोषणा की है। विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए।

लेकिन हाल के संकट से बड़ा सबक यह है कि जब वैश्विक अनिश्चितता बढ़ रही हो, भारत के सामने भविष्य में और संकट आ सकते हैं। उनसे निपटने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि जब वे उत्पन्न हों तो प्रतिक्रिया देने के लिए पर्याप्त राजकोषीय गुंजाइश मौजूद हो। यही वह महत्त्वपूर्ण 'एफ' है जिस पर वित्त मंत्री को भविष्य में ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

-सुनील कुमार महला

# अमलतास विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग महोत्सव का आयोजन, सैकड़ों छात्रों ने किया योगाभ्यास




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वैश्विक स्तर पर चलाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अभियान के तहत देवास स्थित अमलतास विश्वविद्यालय में एक भव्य और विशाल योग महोत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।

योगाभ्यास निर्धारित अनुक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय एवं उनके सहयोगी प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित शिक्षकों, छात्र छात्राओं और कर्मचारियों को विभिन्न योग आसन, प्राणायाम की बारीकियों से अवगत कराते हुए उनका अभ्यास कराया गया साथ ही तनाव मुक्ति और मन की शांति के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पूज्य श्री श्री रवि शंकर द्वारा निर्देशित ध्यान का अभ्यास भी कराया गया।

इस भव्य योग शिविर में अमलतास समूह के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिससे पूरा परिसर योगमय नजर आया। महोत्सव में मुख्य रूप से अमलतास मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज, होम्योपैथिक कॉलेज, पैरामेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, एलाइड एंड रिहैबिलिटेशन साइंसेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ नशा मुक्ति केंद्र और स्पेशल स्कूल के बच्चों ने भी पूरी ऊर्जा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी और प्रबुद्ध जन मुख्य रूप से मौजूद रहे, जिनमें अमलतास विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. सलिल भार्गव, रजिस्ट्रार डॉ. अभय गुप्ता, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत और डॉ. मुनेश कुमार शर्मा शामिल थे। इसके साथ ही विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. अनीता घोडके, डॉ. योगेन्द्र भदौरिया, डॉ. संगीता राठौर, डॉ. स्नेहा सहाय यूथम, डॉ. नीलम खान और डॉ. भारती लाहोरिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूरे कार्यक्रम की सुव्यवस्थित और सफल कमान, मार्केटिंग डायरेक्टर श्री अश्विन तंवर, व्यवस्थापक श्री कमल पांचाल एवं उनकी पूरी प्रबंधन टीम द्वारा संभाली गई, जिनकी सराहना सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने की।

महोत्सव की सफलता पर अमलतास समूह के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया जी ने अपने विशेष संदेश में कहा कि, योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो मन, शरीर और आत्मा को एक सूत्र में पिरोती है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और शैक्षणिक तनाव के बीच विद्यार्थियों के लिए योग बेहद जरूरी है ताकि वे मानसिक रूप से सुदृढ़ और एकाग्र रह सकें। अमलतास परिवार हमेशा से चिकित्सा और शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध रहा है और रहेगा।

## सतवास में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास उप संचालक कृषि श्री गोपेश पाठक ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष-2026 अंतर्गत जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सतवास मंडी प्रांगण में प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में मृदा का स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाने पर बल दिया। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में लगभग 400 किसानों ने सहभागिता की। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती से उगाए गए उत्पाद के भी स्टाल लगाए गए।

## चाकू की नोक पर लाखों लूट ले गए बदमाश



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर मक्सी में बदमाशों ने चाकू की नोक पर लाखों रू. के आभूषण व नगदी लूट लिए। यह वारदात मक्सी थाने से केवल 100 मीटर की दूरी पर हुई। जहां बदमाशों ने घर की महिलाओं व बच्चों के गले पर चाकू अड़ाया और लाखों रू. पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों ने इस वारदात से पुलिस को खुली चुनौती दी है। वारदात को अंजाम देकर बदमाश यहीं नहीं रूके, बल्कि बदमाशों ने दो से तीन जगह और वारदात करने का भी प्रयास किया। फरियादी रुकसार पति आजाद खान निवासी वार्ड क्रमांक-1 नई आबादी मक्सी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात उनके पति किसी काम से आगर गए हुए थे। घर में वह अपने बच्चों के साथ अकेली थीं। रात करीब ढाई बजे खिड़की की लोहे की जाली उखाड़कर 3 से 4 बदमाश घर के अंदर घुस आए ओर उसके कुछ साथी बाहर खड़े होकर पहरा दे रहे थे। महिला के अनुसार सभी बदमाशों ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा था और सिर पर साफा बांधा हुआ था। बदमाशों ने आते ही महिला और बच्चों पर चाकू अड़ा दिया और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर पूरे घर का सामान बिखेर दिया। वे अलमारी और बक्से में रखी नगदी और सोने-चांदी के कीमती जेवर समेटकर रफूचक्कर हो गए। लूटे गए सामान में सोने की चेन, पेंडल, झुमके, नाक के कांटे, चांदी की बिछिया, पायजेब और करीब 30 हजार रुपए नगद शामिल हैं। जाते-जाते बदमाश महिला का मोबाइल भी छीन ले गए, जो बाद में बाहर टूटा हुआ पड़ा मिला।

बदमाशों ने इस घर के अलावा मक्सी की गोकुलधाम कालोनी के दो घरों और एबी रोड पर स्थित एक हार्डवेयर की दुकान के भी ताले तोड़ने की कोशिश की। इसके अलावा एक अन्य जगह पर भी चोरी की वारदात सामने आई है। जबकि रात में पुलिस द्वारा गश्त भी की जाती है और थाने में भी पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं, बावजूद बदमाशों ने अपने बुलंद हौंसलों का परिचय देते हुए लाखों रू. के नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

## परछाई छोड़ गई साथ, मैदान में दिखा आश्चर्यजनक नजारा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कहते हैं कोई भी एक दिन आपका साथ छोड़ सकता है, लेकिन परछाई हमेशा आपके साथ रहती है, लेकिन रविवार को तो परछाई ने भी कुछ देर के लिए लोगों का साथ छोड़ दिया, जिसे कई छात्रों ने देखा भी और देखकर वे आश्चर्यचकित रह गए।

दरअसल यह एक खगोलीय घटना थी। जो साल के सबसे बड़े दिन होती है। 21 जून को दोपहर 12.28 बजे कुछ पलों के लिए परछाई पूरी तरह गायब हो गई। इस दौरान विद्यार्थियों को पृथ्वी और सूर्य की स्थिति से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी भी प्रदान की गई। खगोल प्रभारी अशोक शर्मा ने इस घटना के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है और 21 जून को सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर लंबवत पड़ती हैं। यही कारण है कि 21 जून उत्तरी गोलार्ध का सबसे बड़ा दिन होता है। इस दिन लगभग 13 घंटे 30 मिनट का दिन और 10 घंटे 30 मिनट की रात होती है। 21 जून के बाद सूर्य का दक्षिणायन प्रारंभ हो जाता है और दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगते हैं। उन्होंने बच्चों की जिज्ञासा दूर करते हुए कहा कि शाजापुर कर्क रेखा के नजदीक स्थित है, जिसके कारण यहां दोपहर के समय कुछ क्षणों के लिए परछाई अदृश्य हो जाती है। यह घटना हर स्थान पर नहीं देखी जा सकती। बच्चों ने इस दौरान उनसे और भी कई प्रश्न किए जिनका अशोक शर्मा ने वैज्ञानिक तथ्यों के साथ उत्तर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य रेणुका परमार, विद्यालय स्टाफ के सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## योग से स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का निर्माण संभव : सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय देवास सहित पूरे जिले में सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम गणेश मंदिर के सामने चौपाटी स्थल पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं योग सत्र के साथ हुई। इस दौरान नगर निगम सभापति रवि जैन, राजेश यादव, भैरूलाल अटारिया, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार, स्कूली विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिले के सभी विकासखंडों में भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में योग दिवस मनाया गया।

सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि योग प्रकृति का मानवता को मिला अमूल्य उपहार है। यह भारत की प्राचीन और गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन जीने की समग्र पद्धति है। उन्होंने नागरिकों से योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखते हुए दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिलेवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा व्यक्ति निरोग एवं ऊर्जावान जीवन जी सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने का आग्रह किया।

योग अपनाएं, निरोग जीवन पाएं - विशेषज्ञों के अनुसार योग शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और बेहतर नींद प्राप्त होती है। योग पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, शरीर की लचक बढ़ाता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करता है। योग की विभिन्न क्रियाएं मांसपेशियों को सक्रिय रखती हैं, थकान दूर करती हैं और शरीर में नई ऊर्जा का संचार करती हैं। नियमित योग को दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

## योग के साथ-साथ अध्यात्म और संस्कार मिले तो जीवन में कमाल हो जाए- गायत्री परिवार

### जिला जेल में भी गायत्री साधकों द्वारा योग कराया गया




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा देवास द्वारा गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर सहित जिले की कई प्रज्ञा संस्थानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया ।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर सहित जिले की कई गायत्री संस्थानों में योग सम्पन्न कराया गया । 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत गायत्री शक्तिपीठ की योग टीम ने प्रातः रैली निकालकर की जिसमें योग का प्रचार प्रसार करके लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। योग शिविर की शुरुआत में मुख्य अतिथि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पूर्व संयोजक देवीशंकर तिवारी एवं महेश पंड्या ने श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा का पूजन किया पश्चात योग प्रशिक्षिका मंजू पटेल के मार्गदर्शन में देवकन्याओं ने आसन एवं प्राणायाम करवाये। बीच बीच में योग प्रशिक्षिका मंजू पटेल ने योग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, अपितु मन मस्तिष्क और आत्मा को नियंत्रित भी करता है। योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक देवकरण कुमावत ने कहा कि योग अनगढ़ से सुघड़ बनाने की रीति नीति का नाम योग है। योग एक श्रेष्ठ जीवन शैली का नाम भी है अर्थात अपने जीवन में सुधार की प्रक्रिया का नाम योग कहलाता है। आयोजन में योग कक्षा की प्रभारी के रूप में मंजू पटेल को मनोनीत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने पुष्पमालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में इन्द्रजीत शर्मा, मुनीश नामदेव, रामसिंह कुमावत, महेन्द्र राठौड़, अजयसिंह चौधरी, राजेन्द्र मुकाती, दीपक भावसार, सुभाष जैन, कविता देशमुख, मोहन सोनी, अन्नू पटेल, बाबूलाल चौहान, श्रद्धा निहाले, उषा राणावत, रीता कुमावत, सूर्यांशी, नन्दनी चौहान, विद्या रावत सहित अनेक परिजन उपस्थित थे।

जिला जेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत गायत्री परिवार के विकास गिरी ने बड़ी सहजता सरलता से बंदियों एवं जेल स्टॉफ को योग के महत्वपूर्ण सूत्र बताए और स्वस्थ रहने हेतु विशेष आसन प्राणायाम करवाए। युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग के साथ साथ जीवन में अध्यात्म और संस्कार का समावेश हो जाए तो जीवन में कमाल हो जाए। योग से शरीर स्वस्थ बनेगा वहीं अध्यात्म एवं संस्कार से श्रेष्ठ जीवन का निर्माण होगा। कार्यक्रम में जिला जेलर अनिल दुबे एवं जेल प्रबंधन कर्मचारियों सहित बन्दी भाई उपस्थित थे। आयोजन में जिला जेल अधीक्षक विद्याभूषण प्रसाद ने गायत्री शक्तिपीठ के योग प्रशिक्षकों का आभार माना एवं नियमित योग करने का मन बनाया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर देवास पर आज योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रकाश दुबे, रेखा येवले, अरुणेंद्र सोनी, ज्योति चौरे, अनिल निगम, आरती शर्मा, लता पांचाल, रंजना दुबे, दीप्ति निगम आदि उपस्थित थे। योग का संचालन प्रज्ञापीठ की योग संचालिका निशा चौहान द्वारा किया गया। आभार प्रज्ञापीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजेंद्र पोरवाल ने माना।

## सहकारिता के पितृ पुरूष को किया याद



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सहकारिता के पितृ पुरूष स्व. मनोहर सिंह की 18वी पुण्यतिथि पर जिले भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर भी निराश्रितों को भोजन कराया गया। वहीं जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी श्री सिंह की याद में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया।

स्व. श्री सिंह के समर्थकों द्वारा सर्वप्रथम श्रद्धांजलि दी। इसके बाद निराश्रितों को भोजन कराया गया। जिन्हें सभी ने लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंटी भैया ने कहा कि मनोहर सिंह जी बैंक चेयरमेन के पद पर थे। इस दौरान उन्होंने हर जरूरतमंद को सहयोग कर उसकी मदद की। वे गुलाना के विधायक भी रहे तब भी दिन हो या रात हर समय वे मदद को तत्पर रहे। उनके विधानसभा क्षेत्र में आज भी लोग उनके किए गए कार्यों और सहायता को याद करते नही थकते। बैंक चेयरमेन रहते हुए भी उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में वो मुकाम हासिल किया जिसकी आज कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज भी उनके पिता की याद में आप लोगों द्वारा ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर हमें संबल प्रदान किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है और यही हमारे परिवार की ताकत भी है। उन्होंने उपस्थितजनों से अपील की कि वे भी श्री सिंह के बताए रास्तों पर चलें और अपने जीवन को यादगार बनाएं। इस अवसर पर विजेंद्र पाटीदार, पं. गोविंद शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र व्यास, प्रतापसिह गोहिल, शैलेंद्रसिंह पायलेट, कैलाश मटोलिया, शब्बीर भाई, दिलीप वाजपेयी, सीताराम पवैया, रिजवान कादरी, लकी बना, राजेश शर्मा, कमल चौधरी, जिला पंचायत सदस्य जगदीश पाटीदार, दिग्विजय सिंह सहित बड़ी संख्या में श्री सिंह के समर्थक व समाजजन उपस्थित थे।

# योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंः विधायक भीमावद

### 12 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय पर हुआ सामुहिक योग कार्यक्रम का आयोजन




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय के शासकीय उत्कृष्ट उमावि खेल मैदान में सामुहिक योग कार्यक्रम का आयोजन शाजापुर विधायक अरूण भीमावद के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराजसिंह सिसोदिया, कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले, भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर, मध्यप्रदेश योग आयोग शाजापुर अध्यक्ष संजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शासकीय सेवकों एवं विद्यार्थियों ने सामुहिक योगाभ्यास किया। जिला मुख्यालय पर सामुहिक योगाभ्यास में कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित समारोह में से प्रधानमंत्री के सम्बोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। साथ ही उन्होंने संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुभकामनाएं दी।

सामुहिक योग कार्यक्रम में विधायक श्री भीमावद ने 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज की भागदौड़ की जीवनशैली में अनेक प्रकार के तनाव, चिंता एवं अनेक बीमारिया बढ़ती जा रही हैं, योग इन समस्याओं से बचने का एक बेहतर उपाय हैं। योग न केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाता हैं, बल्कि आत्मविश्वास, एकाग्रता और मानसिक शक्ति को भी बढ़ाता हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर योग के महत्व को देखते हुए संयुक्त राष्ट महासभा ने वर्ष 2015 से प्रत्येक वर्ष मनाने की घोषणा की हैं। उन्होंने सभी से संकल्प लेकर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, स्वस्थ्य मन और स्वस्थ राष्ट के निर्माण में योग का महत्वपूर्ण योगदान हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भारतीय परंपरा को जीवित रखने एवं योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए कई आयाम प्रारंभ किये हैं तथा आज की युवा पीढ़ी को योग के माध्यम से जोड़ा गया हैं जो अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं योग से जुड़ी संस्थाओं के सदस्यों ने सामुहिक योग किया। इस अवसर पर सभी ने राष्टीय स्तरीय कार्यक्रम के साथ सामुहिक रूप से सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम एवं विभिन्न आसनों पर आधारित योग किया।

अव्यवस्थाओं पर विधायक ने अधिकारी को लगाई फटकार

उत्कृष्ट विद्यालय के हाई सेकेंडरी ग्राउंड पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक अरुण भीमावद नाराज हो गए और उन्होंने जिला आयुष अधिकारी गिर्राज बाथम को फटकार लगाई। विधायक भीमावद ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें सुबह 6 बजे कार्यक्रम के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्हें लेने कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पर्याप्त जनप्रतिनिधियों को समय पर सूचना नहीं दी गई। भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष नागर को भी रात 10.30 बजे सूचना मिली, जो प्रशासनिक लापरवाही है। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह इस पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। हालांकि विधायक की नाराजगी के बाद जिला आयुष अधिकारी गिर्राज बाथम उनके पीछे पहुंचे और माफी मांगते हुए गलती होने पर क्षमा करने की बात कही।

अधिकारियों के लिए गद्दे, आमजनों के लिए केवल फर्श

कार्यक्रम के दौरान योग स्थल की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के लिए गद्दों पर सफेद चादर बिछाकर विशेष व्यवस्था की गई थी, जबकि आम नागरिकों और अन्य प्रतिभागियों को पीछे हरे रंग के फर्श पर योग करना पड़ा। प्रशासन द्वारा अपनाई गई इस दोहरी व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। फर्श पर बैठकर योग करने में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में होगा आयोजित

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विकासखण्डों और नगर परिषदों में किया जायेगा। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। जिला मुख्यालय पर देवास में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम गणेश मंदिर के सामने चौपाटी स्थल पर सुबह 06 बजे से आयोजित होगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, सामाजिक संगठन, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकगणों द्वारा एक साथ योग किया जायेगा।

## हाईवे पर फिर फूटी पाईप लाईन, व्यर्थ बहा हजारों लीटर पानी

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** टंकी चौराहा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने रविवार दोपहर करीब 12 बजे नाली निर्माण कार्य के दौरान नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही से नगर में फिर हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह गया। जिससे आज होने वाली पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है।

दरअसल इन दिनों मानसून की देरी से पहले ही लोग परेशान हैं और जलसंकट आहट दे रहा है। बावजूद इसके नगर में बार-बार पाईप लाईन फूटने से पानी व्यर्थ बह रहा है। रविवार को भी टंकी चौराहा पर सड़क के दोनों ओर नालियां बनाने के लिए खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ठेकेदार की लापरवाही से जेसीबी से की गई खुदाई के दौरान पाइपलाइन पर ही जेसीबी से चोट कर दी, जिससे उसमें से भारी मात्रा में पानी व्यर्थ बहने लगा। जिसकी सूचना नगर पालिका को दी गई और उन्होंने फिर पाईप लाईन सुधारने का काम शुरू किया।

कुछ दिनों पहले भी सड़क निर्माण के दौरान की जा रही खुदाई से पाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिससे नगर में जलप्रदाय नहीं किया जा सका था। जिससे लोगों को भारी जलसंकट का सामना करना पड़ा था जिनका पूरा दिन पेयजल की आपूर्ति करने में ही बीत गया था। उसके बाद नगर पालिका अधिकारियों ने ठेकेदार को सावधानी बरतने और पाइपलाइन की लोकेशन देखकर खुदाई करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ठेकेदार द्वारा लापरवाही किसी की बात नहीं सुनी जा रही है और वह बार-बार लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। रविवार को भी ठेकेदार ने लापरवाही बरती और पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि नपा की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाइपलाइन सुधार कार्य शुरू किया। यदि समय पर मरम्मत नहीं होती है, तो आदर्श कालोनी, महुपुरा और टंकी चौराहा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

# श्री महावीर विद्यालय आलोट में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




**आलोट/ राकेश चौहान/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री महावीर विद्यालय, आलोट में भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशों एवं योजनाओं के अनुरूप प्रातः 6ः00 बजे से 7ः45 बजे तक योग, आसन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले बारह वर्षों से 21 जून को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध का वर्ष का सबसे बड़ा दिन भी माना जाता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय श्री कुंदनमल जैन (दासाब) के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात शिक्षक श्री पंकज शर्मा, श्रीमती वीणा गानू एवं श्री दशरथ शर्मा ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर श्री पंकज शर्मा ने अपने उद्बोधन में योग, आसन एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। कार्यक्रम में एम.पी. बोर्ड विभाग प्रमुख श्री राहुल सोनी, विभागाध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह पंवार, श्रीमती नीतू रघुवंशी, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती लता शर्मा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संस्था अध्यक्ष डॉ. शिखर जैन ने इस अवसर पर करें योग, रहें निरोग का संदेश देते हुए सभी को योग, आसन एवं प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डॉ. जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का यह आयोजन उत्साह, उमंग, सकारात्मक ऊर्जा एवं सामूहिक स्वास्थ्य चेतना के वातावरण में संपन्न हुआ।

## आचार्य भगवन्तं ने अपने 14 साधु साध्वी मंडल के साथ वीरमणी द्वार नगर प्रवेश किया



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुजी हमारो अन्तनाद हमने आपो आर्शिवाद जैसे उद्घोष के साथ डेढ़ वर्ष बाद रविवार को जब आचार्य भगवन्तं ने अपने 14 साधु साध्वी मंडल के साथ वीरमणी द्वार से प्रातः 8 बजे नगर प्रवेश किया तो सेकडों जैन समाज के स्त्री पुरुष एवं बच्चों ने अपार उत्साह के साथ उनका अभिवादन किया,पश्चात बैंडबाजों तथा ढोल ढमाको के साथ शोभायात्रा वरघोडे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए प्रेमसुरिश्वर आराधना भवन पहुंचा, जहां धर्मसभा हुई ।

आचार्य भगवंत पदम् भूषण पन्यासप्रवर ऋषभ रत्न विजयजी मसा ने सुरीश्वर आराधना भवन में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन जीने के सूत्र बताते हुये कहा कि जीवन-की इच्छा भौतिक नही अपितु आध्यामिक होनी चाहिये, भौतिक इच्छा क्षणिक सुख देती है जबकि आध्यात्मिक भाव जीवन में शांति एवं आनंद भर देते है। व्यक्ति के जीवन में गुरु भक्ति होना चाहिये जिसके जीवन में गुरु होता है, उसके जीवन में ही अंधकार मिटता है। जीवन में परमात्मा की भक्ति होना चाहिए तभी आत्मा का कल्याण होगा।

डेढ़ वर्ष पूर्व नगर की आशिष चौधरी की दो बेटियो ने आचार्य पद्मभूषण मसा से दीक्षा प्राप्त कर साध्वी जीवन अंगीकार किया,उनका भी नगर आगमन हुआ। इस वर्ष नगर में चार साध्वी भगवन्त का चार्तुमास होगा। इस वर्षावास मे समाज जनों से ज्यादा से ज्यादा धर्म आराधना करने का अनुरोध किया है

इस अवसर पर मध्यप्रदेश - हाऊसिंग बोर्ड के चेयरमेन ओम जैन का श्रीसंघ अध्यक्ष सतीश मारू, ओम जैन , पारसमल जैन ,अजित जैन, सुशील जैन, राजेंद्र सर्राफ , मिश्रिलाल जैन आदि ने शाल श्रीफल तिलक तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया। नागदा से आये अतिथि अभय चोपड़ा तथा मनीष जैन को सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किये तत्पश्चात नवकारसी का आयोजन हुआ। वरघोड़े में अक्षय जैन, उमेश जैन , कैलाश पेंटर, सुधीर जैन, प्रमोद जैन, पवन महाकाल, सहित अनेक समाजजन बडी संख्या मे सम्मिलित थे।

## 42 यूनिट रक्तदान के साथ संपन्न हुआ क्षत्रिय करणी सेना का शिविर



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानव सेवा और जरूरतमंद परिवारों के लिए महाराणा प्रताप राजपूत धर्मशाला बदनावर में शिविर लगाया गया शिविर के प्रारंभ महाराणा प्रताप जी के की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामुहिक हनुमान चालीसा के पाठ के साथ शुभारंभ किया गया शिविर युवा जिला अध्यक्ष क्षत्रिय करनी सेना धार के लोकेंद्र सिंह बैगन्दा के नेतृत्व में शिविर लगाया गया । जिसमें धार जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा 42 युनिट ब्लड के साथ शिविर का समापन हुआ कार्यक्रम में महाराणा प्रताप ट्रस्ट के अध्यक्ष अंतर सिंह पवार, भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय सिंह पवार, ग्रामीण प्रेस क्लब अध्यक्ष पोपसिंह राठौर(पप्पी बना), विनोद बना, नौबत बना, शम्भू सिंह गोड़,सुरेंद्र सिंह सिसोदिया, राजेंद्र सिंह, कमल सिंह राठौर, लोकेंद्र सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह शेखावत, केवल सिंह सोलंकी, नवल सिंह ,दीपक सिंह सिसोदियाऔर पूरी करनी सेना की टीम उपस्थित रही।

## आज उन्हैल पधारेंगे मध्य प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल

**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज उन्हैल पधारेंगे मध्य प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया कार्यकर्ता और नेताओं से करेंगे संवाद साथ ही कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे कार्यक्रम में प्रमुख जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश जी परमार महिदपुर विधायक दिनेश जैन बौस नागदा खाचरोद के पूर्व विधायक दिलीप सिंह जी गुर्जर बड़नगर के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल जी पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन बाबूलाल जी मालवीय जिला पंचायत सदस्य प्रतापसिंह गुर जिला पंचायत सदस्य जीतू मंडोरा साथी ब्लॉक मंडलम पंचायत अध्यक्ष युवक कांग्रेस किसान कांग्रेस एनएसयूआई सेवादल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम को सफल करने का अपील जिला कांग्रेस सचिव जीवन मालवीय किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मेहफुज अली पूर्व मंडी उपाध्यक्ष बद्री लाल जी आइसर सरपंच मोहनलाल गाजी पार्षद अनिल पटेल युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष संजय धाकड़ चुन्नीलाल परमार जितु गुजराती शंकर सिंह डोडिया लाल राकेश शर्मा गोपाल टंडन आदी कारकर्ता ने कि है।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बदनावर में सामूहिक योगाभ्यास का भव्य आयोजन



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद बदनावर के तत्वावधान मे शासकीय सांदीपनि विद्यालय बदनावर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशाल सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

प्रातः 6ः00 बजे से कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित माननीय प्रधानमंत्री जी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर परिषद द्वारा स्थापित विशाल एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को दिखाया गया। इसके पश्चात प्रसारित कार्यक्रम के अनुरूप सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में प्रियंका मिमरोट एसडीएम बदनावर, लाखनसिंह सिसोदिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत , नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शेखर यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस. डाबर, बदनावर, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह फूंदा बापु , भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री प्रेमचंद परमार,पार्षद गण , पार्षद प्रतिनिधि, नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष श्री मनीष गुर्जर, कन्हैयालाल गुर्जर एल्डरमैन,, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री डी.एन. गुजराती, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री रियाजुद्दीन शेख, बार एसोसिएशन के सदस्यगण, न्यायालय बदनावर के कर्मचारीगण, पेंशनर संघ सदस्य ,सेवानिवृत्त शिक्षकगण , नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी, सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं क्रीडा शिक्षक, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिकाएं शिक्षक गण एवं एनसीसी कैडेट्स, सांदीपनि विद्यालय के एनसीसी ट्रूप तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने सहभागिता की।

योग शिक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह सोलंकी (कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, कटि संचालन, मकरासन, श्वसन क्रियाएं, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी , ध्यान,प्राणायाम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायामों का अभ्यास किया। उपस्थित सभी जनों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन श्री प्रदीप पांडेय् (व्याख्याता) द्वारा किया गया। अंत में सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य श्री रियाजुद्दीन शेख ने कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर वक्ता मनोज सोमानी ,शेखर यादव एवं एसडीएम ने योग को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। योग दिवस का यह आयोजन सामाजिक सहभागिता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं राष्ट्रीय एकता का उत्कृष्ट उदाहरण बना। अंत में नगर परिषद द्वारा फलों का वितरण किया गया।

# मध्य प्रदेश में शिक्षकों के स्वैच्छिक तबादले में बाधा बनी 90 प्रतिशत ई-अटेडेंस और जनगणना ड्यूटी

**राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने तबादला नीति में संशोधन की मांग उठाई**



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश के सवा चार लाख शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग की तबादला नीति 2026 की बंदिशो से परेशान हो रहे हैं। एक और जहां स्कूल शिक्षा विभाग ने तबादला नीति जारी कर शिक्षकों को स्वैच्छिक तबादले का अधिकार दिया है। वहीं दूसरी और 90 प्रतिशत ई अटेंडेंस यानी ऑनलाइन हाजिरी और जनगणना ड्यूटी की शर्त लगाकर शिक्षकों को आवेदन करने से रोक दिया गया।

उक्त जानकारी राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव संजय सेन ने देते हुए बताया कि जो भी शिक्षक स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिए आवेदन कर रहे हैं उन्हें कम्प्यूटर में लॉगिन करने पर एक ही जवाब मिल रहा है कि आपकी उपस्थिति 90 प्रतिशत से कम है, इसलिए आप स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

संघ ने प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में विभाग की इस पॉलिसी का विरोध करते हुए इसे हटाने की मांग की है और ऐसा नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। स्वैच्छिक स्थानांतरण नीति में 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता और जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों को स्थानांतरण प्रक्रिया से बाहर रखने के प्रावधान से शिक्षकों में निराशा और असंतोष उत्पन्न हो रहा है। ई-अटेंडेंस प्रणाली में लगातार तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। अगर ई अटेंडेंस नहीं लग पाई तो इसमें शिक्षकों की क्या गलती रही। उन्होंने कहा कि अनेक शिक्षकों की उपस्थिति विद्यालय परिसर में उपस्थित होने के बावजूद दर्ज नहीं हो पा रही है, जिसके कारण उनकी ई-अटेंडेंस का प्रतिशत प्रभावित हुआ है। ऐसी स्थिति में 90 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता शिक्षकों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार है। इसी प्रकार जनगणना जैसे शासकीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों को स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिए अपात्र घोषित करना भी उचित नहीं है। जनगणना कार्य शासन द्वारा सौंपा गया दायित्व है, जिसे शिक्षक अपनी नियमित शैक्षणिक जिम्मेदारियों के साथ निभा रहे हैं।

ऐसे शिक्षकों को स्थानांतरण के अवसर से वंचित करना उनके अधिकारों का हनन है। राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने शासन से मांग की है कि स्वैच्छिक स्थानांतरण नीति में संशोधन करते हुए 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की शर्त को समाप्त किया जाए तथा जनगणना ड्यूटी में संलग्न शिक्षकों को भी स्थानांतरण हेतु पात्र माना जाए। साथ ही तकनीकी कारणों से प्रभावित ई-अटेंडेंस को स्थानांतरण की पात्रता का आधार न बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर के शिक्षक लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने के लिए बाध्य होंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने स्थानांतरण नीति के तहत शनिवार 20 जून से शुरू ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में संशोधन की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन प्रेषित कर दो प्रमुख शर्तों को तत्काल प्रभाव से हटाने का अनुरोध किया है।

उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता के कारण अनेक शिक्षक स्थानांतरण के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रदेश के शिक्षक पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। शासकीय विद्यालयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम इसका प्रमाण हैं। वर्तमान में अधिकांश शिक्षक नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज कर रहे हैं, इसलिए इसे स्थानांतरण की पात्रता से जोड़ना न्यायोचित नहीं है।

उन्होंने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को स्थानांतरण से अपात्र घोषित करने पर भी आपत्ति जताई है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि शिक्षक सदैव राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। ऐसे में जनगणना कार्य करने वाले शिक्षकों को स्थानांतरण से वंचित करना उनके साथ अन्याय है। यदि शासन को जनगणना कार्य प्रभावित होने की आशंका हो, तो स्थानांतरण आदेश में यह शर्त जोड़ी जा सकती है कि संबंधित शिक्षक को जनगणना कार्य पूर्ण होने के बाद ही कार्यमुक्त किया जाए।

राज्य शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने मुख्यमंत्री से शिक्षक हित एवं प्रशासनिक न्याय की दृष्टि से दोनों बिंदुओं पर तत्काल निर्णय लेते हुए स्थानांतरण नीति में आवश्यक संशोधन करने की मांग की है।

# बदनावर पुलिस की महा-कामयाबीः 40 लाख की सनसनीखेज डकैती का पर्दाफाश, अंतराज्यीय शातिर गैंग के 5 आरोपी धरे गए



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना बदनावर पुलिस ने मुस्तैदी और आधुनिक तकनीक का बेजोड़ नमूना पेश करते हुए एक ऐसी अंधी डकैती का पर्दाफाश किया है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने न सिर्फ अंतराज्यीय आदतन अपराधियों की कमर तोड़ी है, बल्कि 40 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई की हर तरफ जमकर तारीफ हो रही है।

क्या थी घटना- दिनांक 02.06.2026 व 03.06.2026 की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने एक फरियादी के सूने घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अलमारी से भारी मात्रा में सोने के आभूषण, चांदी के बर्तन, मूर्तियां और 1.5 लाख नकदी पार कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सविन शर्मा ने तुरंत मौके का मुआयना किया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (उत्तर) श्रीमती पारूल बेलापुरकर व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अरविन्द सिंह तोमर के नेतृत्व में एक विशेष SIT टीम का गठन किया ।

बदनावर पुलिस की SIT टीम ने हार नहीं मानी। बदनावर कस्बा, लेबड और नयागांव हाईवे पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। कैमरों की मदद से पीछा करते हुए पुलिस ने पाया कि आरोपियों ने अरनोद कस्बे में कार की नंबर प्लेट बदलकर GJ27EH6051 कर दी थी।

जाल मुखबिर तंत्र और स्थानीय इनपुट से पता चला कि यह गैंग राजस्थान, गुजरात, दिल्ली और मध्य प्रदेश में सक्रिय एक बेहद शातिर आदतन अपराधी परिवार है।

पुलिस ने बिना वक्त गंवाए राजस्थान के ग्राम गलियाकोट (थाना चितरी) में दबिश देकर 5 आरोपियों को हिरासत में लिया, जिन्होंने पूछताछ में बदनावर की चोरी कुबूल कर ली।

बरामदगी की बड़ी सफलता- ने आरोपियों के कब्जे से कुल 300 ग्राम सोने के जेवर और करीब 2 किलोग्राम चांदी के जेवर व सामान (कुल कीमत लगभग 40 लाख रुपये) समेत नकदी बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपीः- आनंद सिंह, बलवीर सिंह, पर्वत सिंह, भुरीबाई और अमर सिंह (सभी निवासी गलियाकोट, राजस्थान)।

इस पूरी कार्रवाई में बदनावर पुलिस का जज्बा वाकई काबिले तारीफ रहा। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली टीम में ये निरीक्षक अमित सिंह कुशवाहा, उप निरीक्षक विजय मिश्रा, हिना जोशी, श्वेता प्रजापत, उनि मनोहरसिंह चौहान, उप निरीक्षक प्रशांत गुंजाल, सउनि चंद्रपालसिंह राजावत, संजय मिश्रा, दिनेश सिसोदिया, प्रआर अनिल द्विवेदी, राजपाल सिंह चुंडावत, बलराम, सुरज तिवारी, सर्वेशसिंह, विजय सिंह भाटी।

आरक्षकः- धर्मेंद्र राजावत, सचिन जाट, संजय, रोहित, तरूण, भानु, दिलीप, शुभम जादोन, प्रशांत चौहान, मनीष पाल, मुकेश डामर, सुभाष पाटीदार, अजयसिंह, सत्यनारायण, म.आर. मंगलेश कुंवर।

(साथ ही रतलाम पुलिस के सउनि प्रदीप शर्मा, आरक्षक अभिषेक पाठक और राजस्थान पुलिस के आरक्षक विरेन्द्रसिंह चुंडावत का भी विशेष सहयोग रहा)।

जिस मुस्तैदी से पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़कर अंतरराज्यीय सीमा पार कर अपराधियों को दबोचा है, उसने अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं और आम जनता में सुरक्षा का विश्वास और मजबूत किया है।

## बलवंती नदी के कार्य की मजबूती पर उठे सवाल



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर की बहुउद्देशीय परियोजना बलवंती नदी सौंदर्यीकरण के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। रविवार को वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद जितेंद्र शर्मा ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर निर्माण स्थल से सीधे कार्य की स्थिति को जनता के सामने रखा और इस पर अपनी आपत्ति जताई। सौंदर्यीकरण स्थल से लाइव प्रसारण के दौरान पार्षद जितेंद्र शर्मा ने ठेकेदार और नगर परिषद के सब-इंजीनियर की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की इस महत्वाकांक्षी योजना में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। शर्मा ने यह भी कहा की नदी सौंदर्यीकरण के तहत जो पाइप डाले जा रहे हैं, उन्हें बिना किसी मजबूत स्ट्रक्चर या ठोस आधार के सीधे मिट्टी पर ही टिकाया जा रहा है। यदि यही स्थिति रही, तो आगामी वर्षा ऋतु के पानी के तेज बहाव में ये पाइप बह जाएंगे या क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। इससे शासन के धन और इस जनकल्याणकारी परियोजना, दोनों को भारी नुकसान पहुंचेगा। दूसरी ओर, इन आरोपों पर जब नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव से पक्ष लिया गया, तो उन्होंने पार्षद के दावों को पूरी तरह से निराधार बताया। यादव ने स्पष्ट करते हुए कहा की वर्तमान में जो भी निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह परिषद द्वारा पूर्व में दी गई तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति के आधार पर ही हो रहा है। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। बलवंती नदी का सौंदर्यीकरण पूरे शहर के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण सौगात है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए तकनीकी सवालों और परिषद के दावों के बीच, आम जनता यही उम्मीद कर रही है कि प्रशासन इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्य की दीर्घकालिक मजबूती सुनिश्चित करेगा, ताकि आने वाले समय में शहर को इस परियोजना का पूरा लाभ मिल सके।

## प्राकृतिक खेती विषय पर कार्यशाला संपन्न

**खण्डवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को कृषि महाविद्यालय, खंडवा में प्राकृतिक खेती विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, जैविक संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं कम लागत में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त करने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । कार्यशाला में जीवामृत, घनजीवामृत एवं बीजामृत के निर्माण, उपयोग की विधि एवं फसलों पर इनके सकारात्मक प्रभावों के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही प्राकृतिक खेती में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न आदानों, मल्चिंग, फसल विविधीकरण, देशी बीजों के संरक्षण विषय पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में कृषकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा की गई तथा प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन के रूप में विकसित करने पर बल दिया गया। इस कार्यशाला के साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किसानों ने देखा। इस अवसर पर सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक खंडवा श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, विधायक पंधाना, श्रीमती छाया मोरे, विधायक मांधाता श्री नारायण पटेल, महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, जनपद अध्यक्ष छैगांव माखन श्री महेंद्र सावनेर सहित जिले के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## यूनियन बैंक में उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार, ग्राहक ने लगाए गंभीर आरोप

**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीयकृत बैंकों में ईमानदार और नियमित ग्राहक किसी भी बैंक की सबसे बड़ी पूंजी माने जाते हैं, लेकिन यूनियन बैंक की बोलाई शाखा से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। गोलाना तहसील के ग्राम धतुरिया निवासी ईश्वर सिंह सिसोदिया ने शाखा प्रबंधन पर अभद्र व्यवहार करने तथा ग्राहकों की उपेक्षा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईश्वर सिंह सिसोदिया ने अपनी महिमा आईल इंडस्ट्रीज के लिए यूनियन बैंक की बोलाई शाखा से ऋण लिया हुआ है। उनका कहना है कि पिछले लगभग 10 वर्षों से वे नियमित रूप से समय पर ऋण की किस्तें जमा करते आ रहे हैं तथा बैंक मे करोड़ों रुपए कार्टर्नओवर भी कर के एक जिम्मेदार और विश्वसनीय ग्राहक के रूप में उनकी पहचान रही है। ईश्वर सिंह सिसोदिया के अनुसार हाल ही में जब वे किसी बैंकिंग कार्य के सिलसिले में शाखा पहुंचे, तब शाखा प्रबंधक द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा उन्हें बैंक से बाहर जाने के लिए कहा गया। उनका आरोप है कि नियमित भुगतान और बेहतर सिबिल स्कोर होने के बावजूद उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया गया। ग्राहक का कहना है कि बैंक की नीतियों के अनुसार उनकी ऋण सीमा बढ़ाने अथवा अतिरिक्त ऋण सुविधा पर भी विचार किया जा सकता है, लेकिन शाखा स्तर पर ग्राहकों के साथ व्यवहार संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि बैंक के अधिकारी अच्छे ग्राहकों के साथ भी ऐसा व्यवहार करेंगे तो इससे बैंक की छवि प्रभावित होगी।

दलालों के हस्तक्षेप का आरोप- ईश्वर सिंह सिसोदिया ने यह भी आरोप लगाया कि शाखा के कई कार्य दलालों के माध्यम से संचालित होते दिखाई देते हैं। उनका कहना है कि यदि कोई ग्राहक दलालों के संपर्क में रहता है तो उसका कार्य अपेक्षाकृत जल्दी हो जाता है, जबकि सामान्य ग्राहकों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा ग्राहकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग भी की है जिनके व्यवहार से बैंक की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है।

इनका कहना - यहां बिल्कुल गलत बात है मेरे ऊपर लगाए गए आरोप सोची समझी रणनीति हैं हां यह बात सत्य है कि यहां हमारी बैंक आए थे और अपने खाते पर लिमिट बढ़ाने के लिए दबाव डाला था जो कि हमारे यूनियन बैंक की नेम में नहीं आते हैं इसीलिए हमने मना किया है बस इसी बात को लेकर इन्होंने यह मनगढ़ंत कहानी बना कर मेरे ऊपर आरोप लगाया जबकि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप गलत है।

**-कुलदीप कुमार बैंक मैनेजर**
**यूको बैंक शाखा बोलाई**

## नवीन बस स्टैंड प्रांगण में योग अभ्यास किया गया



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद उन्हेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सुबह 7 बजे से नवीन बस स्टैंड प्रांगण में योग अभ्यास किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शांतिलाल हल्कारा, उपाध्यक्ष अखिलेश उपाध्याय, सभापति राजकुमार जैन, नागेश माली, पार्षद संजय शिंदे, पार्षद प्रतिनिधि चंदरलाल चौहान, गोविंद नंदेडा, भाजपा से दिलीप मोदी, मंगेश वर्मा, नंदराम धाकड़, रामेश्वर आंजना, तेजूलाल जटिया, नंदकिशोर धाकड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं निकाय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने दिया योग का संदेश




**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' थीम के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झाबुआ में भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट, पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र पाटीदार, वनमण्डलाधिकारी श्री भरत सोलंकी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेंद्रसिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया- कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुनते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के बिना जीवन में सफलता प्राप्त करना संभव नहीं है। योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व योग की महत्ता को स्वीकार कर रहा है और करोड़ों लोग एक साथ योगाभ्यास कर रहे हैं। यह भारत की प्राचीन संस्कृति एवं परंपरा की विश्व स्तर पर स्वीकृति का प्रतीक है।

सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे जो संदेश देश और दुनिया को देते हैं, उसे स्वयं अपने जीवन में भी अपनाते हैं। स्वच्छता अभियान के दौरान उन्होंने स्वयं सफाई कर देशवासियों को प्रेरित किया और योग के प्रति भी वे निरंतर लोगों को जागरूक करते रहे हैं। आज योग के माध्यम से भारत पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा आने वाली पीढ़ी को भी योग के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने अपने संबोधन में कहा कि योग व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उसे ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता प्रदान करता है। हमारी संस्कृति में योग सदियों से जीवन का हिस्सा रहा है, लेकिन इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। आज विश्व के अनेक देशों में लोग योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

कलेक्टर ने कहा कि भारत की संस्कृति सदैव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को बढ़ावा देती है और योग इसी भावना का प्रतीक है। योग हमें स्वयं को संतुलित रखने, अनुशासित जीवन जीने और दूसरों के प्रति सम्मान का भाव विकसित करने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। योग हमें समय का सदुपयोग, अनुशासन और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नियमित योगाभ्यास करने का आग्रह किया।

पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को संतुलित रखने का प्रभावी माध्यम है। वर्तमान जीवनशैली में बढ़ते तनाव और व्यस्तताओं के बीच योग मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति अनुशासित, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जी सकता है। योग हमें धैर्य, एकाग्रता और आत्मनियंत्रण की सीख देता है, जो व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में भी अत्यंत उपयोगी है।

सामूहिक योगाभ्यास- कार्यक्रम के दौरान कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योग क्रियाओं एवं आसनों का अभ्यास कराया गया। उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की विभिन्न विधियों एवं उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी भी प्रदान की गई।

राज्य स्तरीय योग दिवस समारोह का लाइव प्रसारण- कार्यक्रम में जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय योग दिवस समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा गया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का प्रसारण उपस्थितजनों ने देखा एवं सुना।

''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट एवं अन्य अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया। उपस्थितजनों से अधिकाधिक पौधारोपण कर उनकी देखभाल करने का भी आग्रह किया गया।

योग दिवस के इस आयोजन ने स्वास्थ्य, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी , सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि , विद्यालय के शिक्षक,स्टाफ एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन ने किया नवनियुक्त पदाधिकारीयो का स्वागत

**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया प्रोग्रेसिव पेंशनरएसोसिएशन अकोदिया ब्लॉक इकाई द्वारा रविवार को ब्लॉक इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियो का स्वागत सम्मान समारोह होटल मधुरम में आयोजित किया गया जिसमें सेवानिवृत शिक्षक केदार राजपूत को अकोदिया ब्लॉक में पुनः अध्यक्ष एवं डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संगठन सदस्यों पदाधिकारीयो की ओर से पुष्प हार शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया अपने स्वागत के प्रतिउत्तर में गेहलोत ने कहा की संगठन के वरिष्ठ जनों द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूर्ण लग्न निष्ठा के साथ निभाऊंगा कार्यक्रम को ब्लॉक अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत बंशीधर शर्मा ने भी संबोधित किया इस अवसर पर बंशीधर पांडे नारायण सिंह परमार गोपाल व्यास दिलीप सिंह यादव रमेश राजपूत गजराज सिंह जायसवाल चंदर सिंह सिकरवार बंशीधर शर्मा दयाराम मालवीय दिनकर राव नंदलाल चौहान राजेंद्र राजपूत रायसिंह मेवाड़ा केदार सिंह राजपूत कमल सांखला सहित बड़ी संख्या में संगठन सदस्य उपस्थित थे।

## नकली खाद-बीज विक्रय करने पर विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नकली खाद-बीज विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत संभागीय दल द्वारा अशोकनगर जिले के चंदेरी विकासखंड में ऑर्गेनिक सब्टीट्यूड ऑफ डीएपी के रूप में डीएपी के नकली कारोबारी के यहां छापामार कार्रवाई कर 250 नकली बैगों को जब्त कराकर मैसर्स खालसा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर बहादुर सिंह भुल्लर के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 तथा किसानों के विरूद्ध धोखाधड़ी करने से भारतीय न्याय संहिता की धारा-318 (2) के तहत पुलिस थाना चंदेरी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री आर एस शाक्यवार ने बताया कि संभाग स्तरीय निरीक्षण दल ने नकली खाद-बीज विक्रय की सूचना मिलने पर अचानक छापामार कार्रवाई करते हुए विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। संभाग स्तरीय दल में सहायक संचालक कृषि श्री दिनेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ कृषि अधिकारी श्री ए के विसोरिया तथा उर्वरक निरीक्षक श्री रविन्द्र यादव एवं कृषि विकास अधिकारी चंदेरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है।

## गुरु अर्जन देव जी की शहादत दिवस पर नागदा में छबील एवं प्रसाद वितरण



**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिखों के पांचवें गुरु एवं सिख धर्म के प्रथम शहीद धन-धन श्री गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस के अवसर पर रविवार को नागदा में श्रद्धा और सम्मान के साथ छबील एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। यह आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार, ट्रांसपोर्ट नगर बायपास एवं सिख समाज नागदा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

सिख समाज के अनुसार गुरु अर्जन देव जी ने मुगल शासक जहांगीर के अत्याचारों के सामने धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया और मानवता, सत्य तथा धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इसी कारण उन्हें *शहीदों के सरताज के रूप में श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। उनकी शहादत की स्मृति में विश्वभर में छबील सेवा का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोगों को शीतल पेय एवं प्रसाद वितरित किया जाता है।

इसी क्रम में नागदा के बायपास स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार के समीप छबील लगाकर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शीतल जल, शरबत एवं प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर अमरीक सिंह, त्रिलोचन सिंह खालसा, गुरविंदर सिंह नागी, सरबजीत सिंह, पलविंदर सिंह, अमरीक सिंह बच्चू, गुरदेव सिंह, गोपाल सलूजा, उर्मित सिंह, जसप्रीत सिंह गिल, भवदीप सिंह, हरसिमरत सिंह, कवलजीत सिंह, दिलबाग सिंह, सूरज सिंह, सिमरनजीत सिंह, जसविंदर सिंह रील, रौनक सिंह तथा ज्ञानी सोनू सिंह जी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## विकास की गूंज, जनसेवा की पहचान और जनता का अटूट विश्वास – ओमप्रकाश सकलेचा



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसी भी जनप्रतिनिधि की वास्तविक पहचान उसके भाषणों से नहीं, बल्कि उसके कार्यों से होती है। जब विकास धरातल पर दिखाई देता है, जब गांव-गांव में सुविधाएं पहुंचती हैं और जब जनता स्वयं किसी नेता के कार्यों की गवाही देती है, तब वह जनप्रतिनिधि जनता के दिलों में विशेष स्थान बना लेता है। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री ओमप्रकाश सकलेचा ऐसे ही जननेता हैं, जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव विकास, जनसेवा और जनता के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

सिंगोली भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी ने कहा कि विधायक श्री सकलेचा का संपूर्ण राजनीतिक जीवन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की ऐसी मजबूत नींव रखी गई है, जिसका लाभ आज हजारों परिवारों को मिल रहा है। उन्होंने केवल घोषणाओं तक सीमित रहने के बजाय विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है।

उन्होंने बताया कि विधायक श्री सकलेचा के प्रयासों से क्षेत्र में 120 से अधिक सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी भवन, विद्यालय भवन, स्वास्थ्य केंद्र, खेल मैदान तथा अनेक जनहितकारी निर्माण कार्य संपन्न हुए हैं। इन कार्यों ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया है, बल्कि सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई दिशा प्रदान की है।

श्री मेघवंशी ने कहा कि श्री सकलेचा का स्पष्ट संकल्प है कि क्षेत्र का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ गांव-गांव तक पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, पेयजल, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज क्षेत्र के अनेक गांवों की तस्वीर बदल चुकी है और ग्रामीणों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास किसी भी जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी पूंजी होता है। क्षेत्र की जनता ने श्री ओमप्रकाश सकलेचा को पांच बार विधायक चुनकर यह साबित किया है कि विकास और जनसेवा की राजनीति को हमेशा सम्मान मिलता है। यह जनसमर्थन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों की अथक मेहनत, संवेदनशील नेतृत्व और जनता के प्रति समर्पण का प्रतिफल है।

भाजपा नेता श्री मेघवंशी ने कहा कि विधायक श्री सकलेचा हमेशा जनता के सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। चाहे किसानों की समस्या हो, युवाओं के रोजगार का मुद्दा हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो या क्षेत्र के विकास से जुड़े बड़े प्रकल्प, उन्होंने हर विषय को गंभीरता से लेकर समाधान की दिशा में निरंतर कार्य किया है। यही कारण है कि वे केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और उम्मीदों के प्रतीक बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग विकास और जनसेवा की सकारात्मक राजनीति करने के बजाय केवल भ्रम फैलाने, विवाद खड़े करने और राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करते हैं। लेकिन क्षेत्र की जागरूक जनता सब कुछ देख और समझ रही है। जनता जानती है कि वास्तविक विकास कौन कर रहा है और कौन केवल राजनीतिक स्वार्थों के लिए अनावश्यक बयानबाजी कर रहा है। इसलिए क्षेत्र की जनता हमेशा विकास, शांति और प्रगति के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी रहेगी।

श्री मेघवंशी ने विश्वास व्यक्त किया कि विधायक श्री ओमप्रकाश सकलेचा के नेतृत्व में क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, खेल और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में आने वाले समय में और भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य होंगे, जिनसे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि विकास, शांति, सौहार्द और जनसेवा की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। जनता के सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद से यह कारवां आगे भी निरंतर बढ़ता रहेगा और क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करता रहेगा

## योगमय हुआ ग्वालियर, जिले में भव्यता के साथ मना 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूरे देश और दुनिया के साथ ग्वालियर जिले में भी 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गाँव-गाँव और शहर-शहर में सामूहिक योग कार्यक्रम हुए। ग्वालियर के ऐतिहासिक दुर्ग पर स्थित राजा मानसिंह तोमर के महल परिसर में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह भी शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी हुआ। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, पूर्व सांसद श्री विवेक शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मधुसूदन भदौरिया, साडा के अध्यक्ष श्री अशोक शर्मा, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह, संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने सामूहिक योगाभ्यास किया। साथ ही जनप्रतिनिधिगण, योग संस्थाओं से जुड़े नागरिक, विद्यार्थी, शिक्षक गण व बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सामूहिक योग में शामिल हुए।

## आत्मा परियोजना अंतर्गत प्राकृतिक, जैविक खेती कार्यशाला का शुभारंभ

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा में आत्मा परियोजना अंतर्गत प्राकृतिक और जैविक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू रघुवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत बासौदा, विशिष्ट अतिथियों श्रीमती गायत्री रघुवंशी जिला जनपद सदस्य, श्री गौरव परमार, श्री पंकज नायक, श्रीमती अंजलि यादव, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत बासौदा द्वारा किया गया।

कार्यशाला में कृषि विभाग के उप संचालक कृषि श्री सचिन जैन, कृषि वैज्ञानिकों एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद गर्ग, डॉ. प्रवीण जगा और डॉ. प्रीति चौहान ने किसानों को रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती के लाभों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, पर्यावरण संरक्षण होता है तथा मानव, पशु-पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न तकनीकों एवं विधियों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती नीतू रघुवंशी ने किसानों से अपने परिवार के लिए प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की।

श्रीमती गायत्री रघुवंशी ने केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। श्रीमती अंजली यादव ने किसानों को जैविक खेती के साथ-साथ उद्यान की फैसले व पशुपालन को भी अपनाने की सलाह दी। साथ ही प्राकृतिक जैविक खेती करने वाले कृषकों ने कार्यशाला में अपने अनुभव साझा किए कार्यक्रम में कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी और अधिक संख्या में प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में किसानों ने प्राकृतिक खेती के प्रति रुचि व्यक्त करते हुए इसे अपनाने का संकल्प लिया।

## एसएएफ द्वितीय वाहिनी में प्रभारी मंत्री ने पूजन कर पुनर्जीवित बावड़ियों का किया लोकार्पण



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्मार्ट सिटी द्वारा तीन ऐतिहासिक बावड़ियों को वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। एसएएफ द्वितीय वाहिनी परिसर स्थित बावड़ी का प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विधिवत पूजन-अर्चन कर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय को शहर की अन्य बावड़ियों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

## सुखानंद तीर्थ में दो दिवसीय जैविक खेती किसान सम्मेलन संपन्न, 500 से अधिक किसानों ने लिया प्रशिक्षण

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की घटती उर्वरता, बढ़ती उत्पादन लागत तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को देखते हुए किसानों को जैविक खेती की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से राजस्थान-मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल सुखानंद तीर्थ में 20 एवं 21 जून को दो दिवसीय जैविक खेती किसान सम्मेलन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सम्मेलन में दोनों राज्यों के 500 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लेकर जैविक खेती की आधुनिक एवं पारंपरिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।



कार्यक्रम का आयोजन मेहरोत्रा कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड (ऑर्गेनिक तत्व) एवं लूणकधंआ एग्री ऑर्गेनिक तत्व फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं जैविक खेती के महत्व पर परिचर्चा के साथ हुआ।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर समरथमल धाकड़ ने किसानों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में रसायनों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उत्पादक क्षमता प्रभावित हो रही है। ऐसे में जैविक खेती ही भविष्य की टिकाऊ कृषि व्यवस्था है, जो किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराती है।

सम्मेलन में इंदौर से आए कृषि विशेषज्ञ डॉ. रवि केलकर एवं डॉ. अजीत केलकर ने किसानों को जैविक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती के माध्यम से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा उत्पादन की लागत में कमी आती है। विशेषज्ञों ने किसानों को जीवामृत, बीजामृत, पंचपत्ती काढ़ा, मटका खाद, सोया टॉनिक, ह्यूमिक एसिड, हरी खाद, लहसुन-मिर्च अर्क, मट्ठा एवं छाछ स्प्रे जैसे जैविक आदानों के निर्माण एवं उपयोग की विधियां समझाईं। साथ ही पशु आधारित प्राकृतिक खेती, जैविक कीट प्रबंधन तथा फसलों को पोषण प्रदान करने के लिए छाछ एवं गो-आधारित उत्पादों के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया।

विशेषज्ञों ने कहा कि जैविक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का एक व्यापक अभियान है। जैविक उत्पादों की देश-विदेश में बढ़ती मांग किसानों के लिए नए बाजार और बेहतर आय के अवसर भी उपलब्ध करा रही है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी समय-समय पर किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते रहे हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि रसायन मुक्त खेती से भूमि की उर्वरता सुरक्षित रहेगी, किसानों की लागत घटेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन मिलेगा। इसी सोच को आगे बढ़ाने के लिए देशभर में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

किसान बैठक में फील्ड ऑफिसर मनीष धाकड़ ने किसानों को जैविक खेती के आर्थिक लाभ, प्रमाणन प्रक्रिया तथा जैविक उत्पादों के विपणन संबंधी जानकारी दी। उन्होंने किसानों से रसायन मुक्त खेती अपनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में कंपनी के सहायक कर्मचारी अरविंद जाट, दीपक कुमावत, दशरथ अहीर, अर्जुन, उदित नारायण एवं सोनू कुमार बैरागी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने किसानों को विभिन्न जैविक इनपुट तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

सम्मेलन के समापन अवसर पर लूणकधंआ एग्री ऑर्गेनिक तत्व फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष भोलीराम धाकड़ ने उपस्थित किसानों, कृषि विशेषज्ञों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जैविक खेती ही खेती और पर्यावरण दोनों को बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में जैविक खेती अपनाने का अनुरोध किया।

दो दिवसीय इस किसान सम्मेलन में किसानों ने प्रशिक्षण के साथ-साथ अपने अनुभव भी साझा किए तथा जैविक खेती को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# साल के सबसे बड़े दिन उज्जैन में दोपहर 12.28 बजे गायब हुई परछाई

## वेधशाला के शंकू यंत्र पर जिज्ञासुओं ने देखा अद्भुत खगोलीय नजारा- दिन रहा 13 घंटे 34 मिनट का

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** साल के सबसे बड़े दिन रविवार को उज्जैन में एक अनूठा खगोलीय घटनाक्रम देखने को मिला। दोपहर 12.28 बजे सूर्य की किरणें लगभग लंबवत पड़ने से लोगों की परछाई कुछ समय के लिए गायब हो गई। इस दुर्लभ खगोलीय घटना को शासकीय जीवाजी वेधशाला में शंकू यंत्र के माध्यम से जिज्ञासुओं ने प्रत्यक्ष देखा।



वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि 21 जून को सूर्य उत्तरी गोलार्ध में कर्क रेखा के लगभग लंबवत स्थित रहता है। उज्जैन कर्क रेखा के निकट होने के कारण यहां दोपहर 12.28 बजे सूर्य की किरणें लगभग सीधी पड़ीं, जिससे परछाई शून्य हो गई। वेधशाला में इस घटना को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रविवार को वर्ष का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात भी रही। शहर में सूर्योदय सुबह 5.42 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त शाम 7.16 बजे हुआ। इस प्रकार दिन की अवधि 13 घंटे 34 मिनट और रात की अवधि लगभग 10 घंटे 26 मिनट रही।

विशेषज्ञों के अनुसार 21 जून को सूर्य पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध की ओर अधिकतम झुकाव पर रहता है। इसी कारण सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं और दिन की अवधि वर्ष में सबसे अधिक होती है। इसके बाद सूर्य की स्थिति दक्षिण की ओर बढ़ती हुई दिखाई देगी और दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेंगे। वेधशाला में आयोजित अवलोकन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस खगोलीय घटना को उत्सुकता के साथ देखा और इसके वैज्ञानिक कारणों की जानकारी भी प्राप्त की।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उज्जैन हुआ योगमय

## दशहरा मैदान स्टेडियम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हजारों स्कूली बच्चों के साथ किया सामूहिक योग -प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सीधा प्रसारण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज रविवार सुबह शहर में योगाभ्यास के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजाभाऊ महाकाल स्टेडियम दशहरा मैदान में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन का प्रसारण भी हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल रहे। आयोजन के दौरान कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया तथा प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन एवं सहभागिता का भी सीधा प्रसारण देखा। सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत सुबह 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में संभाग आयुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने भी स्कूली बच्चों के साथ योगाभ्यास किया। अधिकारियों ने विभिन्न योग मुद्राओं में सहभागिता कर विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों और विद्यार्थियों की संयुक्त सहभागिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों, शिक्षकों और संस्था प्रमुखों ने सामूहिक योगाभ्यास कर योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर योग के महत्व पर व्याख्यान, जागरूकता गतिविधियां और स्वास्थ्य संबंधी संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में योग को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार बताते हुए सभी नागरिकों से नियमित योग करने का आह्वान किया गया। पूरे जिले में योग दिवस के आयोजन ने स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर योग शिविर का आयोजन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर के अंतर्गत उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विषय-वस्तु स्वस्थ शरीर, शांत मन, खुशहाल जीवन पर हाथी पार्क, रवींद्र नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ सुश्री किरण, सहायक निदेशक द्वारा किया गया। उन्होंने दैनिक जीवन में योग के अभ्यास के अनेक लाभों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया। योग प्रशिक्षिका सुश्री तृप्ति यादव ने योग के महत्त्व को विस्तारपूर्वक बताया तथा सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया। कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इन आसनों में सक्रिय एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर उपक्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री सुनील परिहार, श्री अवनीश कुमार सिंह, श्री गौरव पाठक, श्री अंशुल गंगवार सहित कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, सर्वे पर्यवेक्षक एवं सर्वे प्रगणक उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया गया




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र (राजमाता विजय राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय) में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्था के प्रमुख डॉ. ए.के. दीक्षित के दिशा-निर्देशन में योग संपन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि योग से मानसिक संतुलन, शारीरिक मजबूती तथा सकारात्मक ऊर्जा से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की संभावनाएं बनती हैं।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. रेखा तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने योग के प्रमुख आसन बताए। इसमें ओम् उच्चारण के साथ योग का आरंभ हुआ।

तत्पश्चात पद्मासन, वज्रासन, पश्चिमोत्तान, ताड़ासन, पर्वतासन, वीरासन के साथ ही प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी आदि का अभ्यास किया गया।

डॉ. रेखा तिवारी द्वारा विभिन्न आसनों से होने वाले सकारात्मक परिणाम तथा उनके उपयोग के बारे में बताया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र एवं आर.ए.आर.एस. फार्म के समस्त अधिकारीगण, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. आशीष बोबडे, डॉ. एच.आर. जाटव, डॉ. मोनी सिंह, श्री अजय गुप्ता तथा श्रीमती रचिता उपस्थित थे।

# उज्जैन में आठ केंद्रों पर हुई नीट यूजी री-एग्जाम

## 4 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी हुए शामिल, पेपर लीक की आशंकाओं को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 100 पुलिसकर्मी रहे तैनात

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) की री-एग्जाम रविवार को शहर के आठ परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई, जिसमें 4171 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को निर्धारित समयानुसार दोपहर 1 30 बजे तक केंद्रों में प्रवेश दिया गया।



परीक्षा को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। पेपर लीक और नकल जैसी किसी भी आशंका को रोकने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई थी। कुल 100 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने परीक्षा समाप्त होने तक केंद्रों पर निगरानी रखी। यह परीक्षा पूर्व में हुए पेपर लीक विवाद के कारण आयोजित री-एग्जाम थी। शहर में पॉलिटेक्निक कॉलेज, उत्कृष्ट विद्यालय माधव नगर, इंजीनियरिंग कॉलेज, शासकीय कन्या उमावि सराफा, उमावि महाराजवाड़ा क्रमांक-2, कालीदास कॉलेज और जीडीसी कॉलेज सहित आठ केंद्र बनाए गए थे।

परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही विद्यार्थियों और अभिभावकों की भीड़ दिखाई दी। प्रवेश प्रक्रिया की जांच के बाद परीक्षार्थियों को केंद्रों में भेजा गया। आरआई रणजीत सिंह राणा के अनुसार सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था और परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से हुई।प्रशासनिक अधिकारियों ने भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा संबंधी शिकायत सामने नहीं आई।

परीक्षार्थियों के लिए महाकाल मंदिर की ओर से नाश्ते की व्यवस्था- री-एग्जाम में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी आठ परीक्षा केंद्रों पर निःशुल्क जलपान एवं अल्पाहार की विशेष व्यवस्था की। मंदिर के अन्नक्षेत्र में तैयार नाश्ता यहां उपलब्ध कराया गया। प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि परीक्षा शुरू होने से पहले विद्यार्थियों को आवश्यक अल्पाहार उपलब्ध कराने और उन्हें सकारात्मक व उत्साहपूर्ण वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। व्यवस्था के संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर सहायक प्रशासक, प्रभारी, सह-प्रभारी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी उप प्रशासक सिम्मी यादव को बनाया गया था।

मंदिर प्रबंध समिति की इस पहल को परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों ने सराहा।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं में लक्ष्य अधूरे

## कुपोषण, लाड़ली लक्ष्मी सत्यापन और आंगनवाड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा में सामने आई कमियां, संयुक्त आयुक्त ने लक्ष्य पूरे कर पोर्टल अपडेट करने के निर्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग की कई योजनाओं में लक्ष्य पूरे नहीं होने पर संयुक्त आयुक्त विकास राजेंद्र कुमार वर्मा ने अधिकारियों को फटकार लगाई। विगत दिवस प्रशासनिक संकुल में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन जिलों में विभागीय योजनाओं के लक्ष्य अधूरे हैं, वहां के अधिकारी एक-दो दिन के भीतर लक्ष्य पूरा कर सही जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें।

बैठक में कुपोषित बच्चों की स्थिति, कुपोषण से सुधार, आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन, आंगनवाड़ी केंद्रों को स्कूल परिसरों में शिफ्ट करने, लाड़ली लक्ष्मी योजना के समग्र सत्यापन, सक्षम आंगनवाड़ी और पीएम मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं भी समय पर सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं की मृत्यु होने पर इसकी सूचना तत्काल जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए, ताकि रिकॉर्ड अद्यतन रह सके। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की भी समीक्षा हुई, लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति और सत्यापन कार्यों की धीमी गति प्रमुख चिंता का विषय रही। संयुक्त आयुक्त ने साफ कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी लंबित लक्ष्य तत्काल पूरे किए जाएं।

# महिला क्रिकेटर स्नेह राणा ने की महाकाल की भस्म आरती



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा ने रविवार सुबह भगवान महाकाल की तडक़े होने वाली भस्म आरती में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। भस्म आरती के दौरान स्नेह राणा ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन उपरांत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी ने स्नेह राणा का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें बाबा महाकाल का प्रसाद और स्मृति चिन्ह भेंट किए। उल्लेखनीय है कि देश-विदेश की कई प्रसिद्ध हस्तियां उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन करती हैं। इसी क्रम में महिला क्रिकेट खिलाड़ी स्नेह राणा ने भी महाकाल मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर नीट परीक्षार्थी और अभिभावकों के लिए स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई

## नीट परीक्षा केंद्र का कलेक्टर और एसपी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को नीट परीक्षा (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) के आयोजन के दौरान कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और एसपी श्री प्रदीप शर्मा ने शहर के शासकीय उत्कृष्ट माधव नगर विद्यालय परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा के दौरान की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह और एसपी श्री शर्मा ने परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद विद्यार्थियों के अभिभावकों से चर्चा कर उनसे प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह और एसपी श्री शर्मा ने विद्यार्थियों के परीक्षा में सफल होने की कामना के साथ अभिभावकों को प्रोत्साहित भी किया।



कलेक्टर श्री सिंह ने नीट की परीक्षा के लिए उज्जैन जिले में शहर में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इसमें कुल 4171 विद्यार्थियों की परीक्षा होना है। पूरे जिला प्रशासन और पुलिस की टीम व्यवस्था में लगी है। सभी विद्यार्थियों का प्रवेश को लेकर कोई परेशानी नही हुई। प्रश्नपत्र को लेकर पूरी सुरक्षा और गोपनीयता बरती गई है। इस बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विचार से एक अच्छी पहल हुई है कि दूर-दूर से विद्यार्थी और अभिभावक परीक्षा के लिए सुबह से परीक्षा केंद्र के लिए निकल जाते है। उनकी परेशानी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप उन्ही केनिर्देश पर नीट परीक्षा में आने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित निशुल्क अन्नक्षेत्र के माध्यम से स्वल्पाहार, चाय, पेयजल और अभिभावकों को परीक्षा के दौरान सुविधा पूर्वक बैठने की व्यवस्था परीक्षा केंद्र के बाहर की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश है कि परीक्षा देने के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाई विद्यार्थी और उनके अभिभावकों को नही हो।

# महाकाल दर्शन कर लौट रहे आंध्र प्रदेश के युवक की मौत

## टायर फटने पर डिवाइडर से टकराई कार, चालक-साथी घायल

**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवासरोड पर तेजगति से दौड़ती कार का टायर फट गया, कार अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आंध्रप्रदेश के युवक की मौत हो गई। चालक और पार्टनर को मामूली चोंट लगी है। परिवार के आने पर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया।



आंध्रप्रदेश के श्रीकुलम का रहने वाला मणिकांता 31 साल इंदौर आया था और पार्टनर ओमप्रकाश पिता मांगीलाल धाकड़ निवासी महालक्ष्मीनगर इंदौर के साथ कार चालक बालकिशन पिता राधेश्याम के साथ शनिवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। बताया जा रहा है कि दर्शन के बाद शाम को तीनों वापस इंदौर लौट रहे थे। इस दौरान नागझिरी थाना क्षेत्र के प्रेमनगर ब्रिज के नीचे चंदेसरी मार्ग देवासरोड पर अचानक कार का टायर फट गया और अनियंत्रित होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। पीछे बैठा मणिकांता गंभीर घायल हो गया। उसे नानाखेड़ा स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत होना सामने आया। निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश धाकड़ और चालक बालकिशन को मामूली चोंट लगी थी। मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया और परिजनों को सूचना दी गई रविवार दोपहर आंध्र प्रदेश से उज्जैन पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि मणिकांता बीच का कारोबार करता था और पार्टनर ओम प्रकाश से कारोबार के सिलसिले में मिलने इंदौर आता रहता था। इस बार उन्होंने महाकाल दर्शन की योजना बनाई थी।

# बाइक सवार दोस्तों को तूफान ने कुचला, दोनों की मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मोहनपुरा ब्रिज पर रविवार सुबह तेजगति से दौड़ती तूफान ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। चालक तूफान छोड़कर भाग निकला था। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मुरली पुर का रहने वाला किशन पिता राम बोरासी 26 साल क्षेत्र में ही रहने वाले दोस्त विक्रम पिता मदन दास 38 साल के साथ बाइक से मजदूरी पर जा रहा था। मोहनपुरा ब्रिज पर तेज गति से आई तूफान गाड़ी ने दोनों को कुचल दिया। दुर्घटना में दोनों की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हुई जिन्होंने दोनों को पहचान लिया। परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी गई। दोनों की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाई गई दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव अंतिम संस्कार के लिए सौंपे गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक तूफान गाड़ी छोड़कर भाग निकला था। नंबर के आधार पर चालक की जानकारी जुटा जा रही है। पंवासा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में अरविंद पिता हीरालाल नामक युवक ने घर में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर हीरालाल अकेला था परिवार के लोग हिस्सेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। शाम को परिवार के लौटने पर घटना का पता चला। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की जाएगी।

# हिरासत में आया दोहरे हत्याकांड का फरार आरोपी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम महुडीपुरा रोड पर 18 जून को मंजू पति सत्यनारायण शर्मा और उसके प्रेमी कालूराम पिता पर्वतलाल वर्मा निवासी बैलाखेड़ा की हत्या होना सामने आया था। दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया था। हत्याकांड को मंजू के दामाद अनिल और उसके भाई कालूराम ने अपने साथी रफीक के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने अनिल और कालूराम को गिरफ्तार कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया। रफीक फरार था, जिसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी गई। शनिवार देर शाम पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया है। जिससे पूछताछ जारी है। विदित हो कि दोहरे हत्याकांड के बाद दामाद अनिल और कालूराम से पूछताछ में सामने आया था कि अनिल ने मंजू शर्मा की बेटी से 12 लाख रूपये देकर शादी की थी। लेकिन मंजू की बेटी मायके चली गई थी। अनिल को शंका थी कि सास मंजू और उसका प्रेमी पत्नी को ससुराल जाने से रोक रहे है। जिसके चलते उसने भाई और साथी के साथ हत्या की साजिश रचकर दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था।

# योग एक अमूल्य उपहार है, हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए - प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम दशहरा मैदान में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर,उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी, श्री संजय अग्रवाल, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि योग का संबंध हमारे प्राचीन भारत, महर्षि पतंजलि और अन्य ऋषि-मुनियों से है। योग एक अमूल्य उपहार है। हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए, यह तनाव और चिंताओं को दूर कर सकारात्मकता प्रदान करता है। आज के युग में योग का महत्व और भी बढ़ गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस को पूरे विश्व तक पहुंचाया है।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने कोलकाता में आयोजित राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 21 जून धरती के एक भूभाग पर सबसे बड़ा दिन होता है। आज के दिन मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्व का सबसे बड़ा सामूहिक उत्सव बन गया है। आज हर जगह देश योग की ऊर्जा से जगमगा रहा है। योग सभी को जोड़ता है और पूरे मानव समुदाय को एक सूत्र में बांधता है।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए कहा कि विवेकानंद जी ने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति से परिचित कराया। हमारा पूरा जीवन ही योग है। यह केवल शारीरिक श्रम का साधन नहीं, बल्कि आत्मा की चेतना का आधार है। विश्व के बेहतर भविष्य के लिए योग आवश्यक है। हम सभी संकल्प लें कि योग को केवल एक दिन तक सीमित नहीं रखेंगे, बल्कि इसे जीवनशैली बनाएंगे।

अतिथियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

इसके पश्चात कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों ने योगासन किये। इसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों, आयुष विभाग के कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेन्द्र व्यास ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेंद्र खत्री ने किया।